door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 10 | अंक : 273 | गुवाहाटी | शनिवार, 4 मई, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

कांग्रेस ने राहुल गांधी को अमेठी से नहीं रायबरेली से मैदान पर उतारा पेज 2
मोदी सरकार की स्मार्ट सिटी पहल के तहत गुवाहाटी दक्षिण-पूर्व एशिया के ... पेज 3
सपा बसपा कांग्रेस के कार्यकाल में भूखे मरते थे लोग : योगी आदित्यनाथ पेज 5
मेदवेदेव के रिटायर होने से लेहेका सेमीफाइनल में पेज 7

## मेरे रहते संविधान को कोई हाथ नहीं लगा सकता : पीएम मोदी



**चाईबासा (झारखंड) (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर चाईबासा पहुंचे। उन्होंने चाईबासा के टाटा कॉलेज मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। मोदी ने कहा कि कांग्रेस संविधान में बदलाव कर ओबीसी, आदिवासी और पिछड़े का हक छीन लेगी और मुसलमानों को दे देगी। कर्नाटक में रातों-रात एक फतवा निकाला गया, जिसमें ये कहा गया कि कर्नाटक में जितने भी मुसलमान हैं वह सब ओबीसी हैं। इसके बाद उन्हें ओबीसी आरक्षण दे दिया गया और पूरा देश देखता रह गया। उन्होंने कहा कि ये मेरी गारंटी है कि उनके रहते कोई भी संविधान को हाथ भी नहीं लगा सकता। मोदी ने कहा कि झारखंड क्रांतिकारियों की धरती है। कांग्रेस ने झारखंड का कभी सम्मान नहीं किया है। कांग्रेस को आदिवासी विरोधी करार देते हुए कहा कि इंडी गठबंधन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का विरोध किया था। साथ ही कहा कि मेरा झारखंड दिल्ली से कम है क्या। उन्होंने कहा कि आपका यह प्यार और आशीर्वाद ही मोदी की ताकत है। भाजपा और झारखंड का रिश्ता दिल का है। झारखंड के लोगों की भावनाओं को यदि कोई समझता और सुलझाता है तो वो सिर्फ और सिर्फ भाजपा ही है। उन्होंने कहा कि झारखंड को अटल ने बनाया, भाजपा ने बनाया। कांग्रेस ने झारखंड का घोर विरोध किया। ये भाजपा की ताकत थी, अटल की दूरदृष्टि थी कि झारखंड बना। मोदी ने कहा कि कांग्रेस को मंजूर नहीं था कि यहां के संसाधन आपके काम आएं। पहले वो एक रुपए देते थे तो उसमें से वो 85 पैसे मार लेते थे। आज मैं एक रुपए भेजता हूं तो पूरा 100 पैसा आपके अकाउंट में जाता है। उन्होंने झामुमो और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ओबीसी और पिछड़ों का हक मुसलमानों को दे देगी और घुसपैठियों के कारण झारखंड बंगाल बन जाएगा। मोदी ने कहा कि झारखंड में बालू समेत प्राकृतिक संसाधनों को लूटा जा रहा है। छुटभैये नेता भी इसे लूटने में लगे हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आदिवासियों की जमीन लूटने के बाद झामुमो और कांग्रेस हमारी देश के सेना की जमीन पर भी आंखें गड़ा कर रखीं हैं। वे लगातार झारखंड में घोटाला कर रहे हैं। कांग्रेस और जेएमएम में लूट की रेस चल रही है। उन्होंने कहा कि यहां कांग्रेस सांसद के ठिकाने से 300 करोड़ रुपए नकदी बरामद हुए। बैंकों से नोट गिनने वाली मशीन लगानी पड़ी। प्रधानमंत्री ने कहा कि घुसपैठियों के कारण आदिवासियों का हक छीना जा रहा है। ये लोग झारखंड में घुसपैठियों को ठिकाना दे रहे हैं। ये घुसपैठिए आदिवासी भाई बहनों की जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। संथाल में घुसपैठ के कारण आदिवासियों की जनसंख्या घट रही है। यही खेल बंगाल में खेला था। आदिवासी इलाके में लोग घुसपैठियों से जूझ रहे हैं। यही हाल झारखंड का बनाना चाहते हैं। साथ ही कहा कि घुसपैठियों की संख्या बढ़ेगी तो झारखंड के आदिवासियों की हक भी उन्हें दे दिया जाएगा। मोदी ने झारखंड की धरती से कांग्रेस को चुनौती देते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता यह लिखकर दें कि वो एसटी-एससी, ओबीसी का आरक्षण काटकर धर्म के आधार पर मुस्लिमों को नहीं देंगे। कांग्रेस का कोई नेता यह बात लिखकर देने को तैयार नहीं है। क्या हम बाबा साहेब द्वारा मिले अधिकार को छीनने देंगे। मोदी आपके लिए लड़ने और मरने को भी तैयार है। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने बाबा साहब की जयंती के दिन आयुष्मान भारत योजना झारखंड की धरती से लांच की। दुमका की -शेष पृष्ठ दो पर

## आधार की समस्या का छह महीने में होगा समाधान : मुख्यमंत्री

**चिरांग (हि.स.)।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने आश्वासन दिया कि एनआरसी अद्यतन के सिलसिले में जिन लोगों के बायोमेट्रिक हेल्डअप किए जा चुके हैं, उन्हें 6 महीने के अंदर ठीक कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके बाद आधार बनाने में किसी को दिक्कतें नहीं होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव समाप्त होने के 6 महीने के अंदर डी वोटर, भूमि का पट्टा आदि की समस्याएं सुलझा दी जाएंगी। -शेष पृष्ठ दो पर




### कोविशील्ड वैक्सीन का कोई साइड इफेक्ट नहीं : सीएम

**चिरांग (हि.स.)।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने कहा है कि कॉविड-19 प्रतिरोधक वैक्सीन कोविशील्ड का कोई साइड इफेक्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि वामपंथी लोग अंग्रेजी की पूरी पंक्तियां नहीं पढ़कर इसका -शेष पृष्ठ दो पर

## राहुल गांधी पाकिस्तान से चुनाव लड़े तो हम उन्हें नहीं हरा सकते : डॉ. शर्मा



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला है। हिमंत ने कहा कि राहुल गांधी पाकिस्तान में बहुत लोकप्रिय हैं। अगर पाकिस्तान में चुनाव होता है और राहुल गांधी चुनाव लड़ते हैं, तो वह भारी मतों के अंतर से जीतेंगे। उन्होंने कहा कि हम पाकिस्तान में राहुल गांधी को नहीं हरा सकते... राहुल गांधी पाकिस्तान में जरूर जीतेंगे। इसके साथ ही भाजपा नेता ने कहा कि पाकिस्तान जो चाहता है वो भारत में कैसे हो सकता है? पाकिस्तान जो चाहेगा, भारत में उसका उल्टा ही होगा। यह प्रतिक्रिया बुधवार 1 मई को चल रहे विवाद की पृष्ठभूमि में आई है, जब पाकिस्तान में इमरान खान की कैबिनेट के पूर्व मंत्री चौधरी फवाद हुसैन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर राहुल गांधी की विशेषता वाला एक वीडियो साझा किया और कांग्रेस नेता की प्रशंसा की। इस पोस्ट के बाद भारी विवाद खड़ा हो गया और भाजपा ने राहुल गांधी पर निशाना साधने का कोई -शेष पृष्ठ दो पर

### असम की पूर्णिमा देवी बर्मन ने जीता ब्रिटेन वन्यजीव धर्मार्थ का गोल्ड अवॉर्ड



**लंदन (हि.स.)।** असम राज्य की वन्यजीव जीवविज्ञानी डॉ. पूर्णिमा देवी बर्मन को लुप्तप्राय *ग्रेटर एडजुटेंट स्टॉर्क* और उसके आर्द्रभूमि निवास स्थान के संरक्षण प्रयासों के लिए अग्रणी ब्रिटिश वन्यजीव धर्मार्थ पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। लंदन में *रॉयल जियोग्राफिकल सोसाइटी* में बुधवार शाम को एक सम्मान समारोह में डॉ. पूर्णिमा देवी बर्मन को *व्हिटली फंड फॉर नेचर* (डब्ल्यूएफएन) द्वारा व्हिटली गोल्ड अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। डॉ. पूर्णिमा देवी को इसके लिए एक लाख ब्रिटिश पाउंड की राशि प्रदान की गई। यह पुरस्कार दुनियाभर में जमीनी स्तर पर संरक्षण करने वालों को प्रदान किया जाता है। बर्मन को असमिया में स्थानीय रूप से *हरगिला* के रूप में पहचाने जाने वाले सारस के संरक्षण के लिए यह सम्मान -शेष पृष्ठ दो पर

शर्मा हार्डओवेर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road Athgaon, Guwahati-01
98648-02947

*कभी भी जारी हो सकते हैं 12वीं के रिजल्ट*

## 30 प्रतिशत लाने वाले स्टूडेंट्स माने जाएंगे पास



**गुवाहाटी।** असम बोर्ड कक्षा 12वीं के रिजल्ट जल्द ही जारी करने वाला है। एक बार रिजल्ट जारी होने के बाद स्कोर आधिकारिक वेबसाइट ahsec.assam.gov.in, sebaonline.org पर देखें जा सकेंगे। हालांकि असम बोर्ड ने अभी तक रिजल्ट की तारीख और समय की घोषणा नहीं की है। छात्र बेसब्री से आधिकारिक पुष्टि की प्रतीक्षा कर रहे हैं। जो छात्र परीक्षा में उपस्थित हुए थे, -शेष पृष्ठ दो पर

## कोविशील्ड : 20 वर्षीय बच्चे के माता-पिता ने सीरम इंस्टीट्यूट पर किया मुकदमा



**नई दिल्ली।** कथित तौर पर कोविशील्ड वैक्सीन दिए जाने के बाद जिस महिला की मौत हो गई, उसके माता-पिता ने वैक्सीन निर्माता सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (साई) पर मुकदमा करने का फैसला किया है। यह ब्रिटिश फार्मा दिग्गज एस्ट्राजेनेका द्वारा यूके में अदालती दस्तावेजों में स्वीकार किए जाने के बाद आया है कि इसकी कोविड-19 वैक्सीन – जिसे यूरोप में वैक्सजेवरिया और भारत में कोविशील्ड के नाम से जाना जाता है – रक्त के थक्के से संबंधित दुर्लभ दुष्प्रभाव पैदा कर सकती है। भारत में, एस्ट्राजेनेका वैक्सीन का निर्माण पुणे स्थित फर्म सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा *कोविशील्ड* नाम से किया गया था और इसे कोविड महामारी के दौरान देश भर में कई लोगों को व्यापक रूप से दिया गया था। वेणुगोपालन गोविंदन, जिनके 20 वर्षीय करुण्या की कथित तौर पर कोविशील्ड वैक्सीन दिए जाने के बाद 2021 में मृत्यु हो गई, उन्होंने कहा कि यूके फार्मा का प्रवेश *बहुत देर से* हुआ और *इतने सारे लोगों की जान चली गई*। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कथित साई और सरकार ने पर्याप्त डेटा के बिना कोविड-19 वैक्सीन को *सुरक्षित और प्रभावी* के रूप में प्रचारित किया था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म *एक्स* पर उन्होंने कहा कि 15 यूरोपीय देशों द्वारा रक्त के थक्कों से होने वाली मौतों पर इसका उपयोग बंद करने के -शेष पृष्ठ दो पर

सुप्रभात
*जिन्हें भाग्य पर विश्वास नहीं होता, उनके कार्य पुरे नहीं होते।*
– **आचार्य चाणक्य**




*केजरीवाल की सुनवाई पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी, कहा–*

## अंतरिम जमानत पर कर सकते हैं विचार



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट में बड़ी टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि अगर मुख्य मामले में बहस में समय लगेगा तो दिल्ली में चुनावों के कारण केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई पर विचार किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका पर 7 मई को सुनवाई के लिए तैयार रहने को कहा। उम्मीद की जा रही थी कि प्रवर्तन निदेशालय आज शीर्ष अदालत द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब देगा, जिसमें चुनाव से पहले केजरीवाल की गिरफ्तारी के समय के बारे में सवाल भी शामिल है। यह कहते हुए कि *जीवन और स्वतंत्रता बेहद महत्वपूर्ण हैं*, सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को जांच एजेंसी से दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले के संबंध में उनकी गिरफ्तारी के समय के बारे में केजरीवाल के सवाल का जवाब देने को कहा था। केजरीवाल को 2024 के लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के कुछ दिनों बाद 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। केजरीवाल का प्रतिनिधित्व करने -शेष पृष्ठ दो पर

### पूर्वोत्तर में भारी से बहुत भारी बारिश होने की आशंका

**गुवाहाटी।** हाल की गर्मी से राहत दिलाते हुए, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 6 मई तक उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के कई हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। आईएमडी ने यह भी कहा कि भारत के कई राज्यों में लू से लेकर भीषण लू तक का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने कहा है कि असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 5 और 6 मई को भारी से बहुत भारी बारिश -शेष पृष्ठ दो पर

*देश भर में गहराया जल संकट*

## दक्षिण भारत में जलाशयों का स्तर घटकर मात्र 16 फीसदी बचा

**नई दिल्ली।** गर्मियां शुरू होने के साथ ही देश में जल संकट गहराना शुरू हो गया है। देश भर के जलाशय भंडारण में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार, पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष इस अवधि के दौरान भंडारण क्षमता 35 प्रतिशत से घटकर 28 प्रतिशत हो गई है। सीडब्ल्यूसी 150 जलाशयों में -शेष पृष्ठ दो पर



## पाकिस्तान में बस पलटकर सिंधु नदी के तट पर गिरी, 20 की मौत



**इस्लामाबाद (हि.स.)।** उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में शुक्रवार को एक प्राइवेट यात्री बस सुदूर पहाड़ी इलाके से फिसलकर सिंधु नदी के तट पर गिर गई। इस हादसे में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई। इनमें तीन महिलाएं भी हैं। यह हादसा गिलगित बाल्टिस्तान के डायमेर जिले में आज सुबह साढ़े पांच हुआ। प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने निर्देश दिया है कि घायलों को हर संभव चिकित्सा उपचार प्रदान किया जाए। स्थानीय समाचार पत्र डॉन के अनुसार, यह बस रावलपिंडी से गिलगित जा रही थी। डायमर जिले में काराकोरम -शेष पृष्ठ दो पर

## वैज्ञानिकों ने बनाया खुद नष्ट होने वाला प्लास्टिक दावा- कचरे के संपर्क में आते ही होने लगेगा खत्म



**नई दिल्ली।** वैज्ञानिकों ने अपने आप खत्म होने वाले प्लास्टिक बनाने का दावा किया है। इसके लिए उन्होंने पॉलीयूरीथेन प्लास्टिक में एक बैक्टीरिया को मिलाया। यह बैक्टीरिया प्लास्टिक खा जाता है और इस तरह प्लास्टिक खुद ही खत्म हो जाता है। उन्होंने दावा किया कि यह प्रदूषण कम करने में काफी मददगार होगा। नेचर कम्युनिकेशंस में प्रकाशित शोध के मुताबिक, इस प्लास्टिक में मिलाया गया बैक्टीरिया तब तक निष्क्रिय रहता है जब तक कि प्लास्टिक इस्तेमाल में रहता है। लेकिन जब वह कूड़े-करकट में मौजूद तत्वों के संपर्क में आता है, तो सक्रिय हो जाता है और प्लास्टिक को खाने लगता है। सैन डिएगो स्थित कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक हान सोल किम ने कहा कि हमें उम्मीद है कि यह खोज प्रकृति में प्लास्टिक-प्रदूषण को कम करने में मददगार साबित होगी। इसका एक लाभ यह भी हो सकता है कि बैक्टीरिया प्लास्टिक को ज्यादा मजबूत बनाए। शोध में शामिल एक अन्य वैज्ञानिक जोन -शेष पृष्ठ दो पर

## अबू धाबी में भारी बारिश के बाद डूब गए कई शहर



**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अप्रैल में भीषण बाढ़ आने के कुछ दिनों बाद गुरुवार तड़के अबू धाबी और दुबई में भारी बारिश और तूफान आया, जिसके कारण कई शहर पानी में डूब गए। बिगड़ते मौसम को देखते हुए कई उड़ानें रद्द कर दी गईं और दुबई में बस सेवाएं निलंबित कर दी गईं। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, अबू धाबी के कुछ हिस्सों में सड़कों पर जलभराव की सूचना मिली है, जबकि जेबेल अली, अल मकतूम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, दुबई इंडस्ट्रियल सिटी, दुबई इन्वेस्टमेंट्स पार्क और जुमेरा विलेज ट्राएंगल में तेज हवाएं चली हैं। बुधवार को, दुबई हवाई अड्डों और दो स्थानीय एयरलाइनों ने यात्रियों के लिए सलाह जारी -शेष पृष्ठ दो पर

# मोदी सरकार की स्मार्ट सिटी पहल के तहत गुवाहाटी दक्षिण-पूर्व एशिया के अग्रणी केंद्र के रूप में उभर रहा : सोनोवाल

**गुवाहाटी।** केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग और आयुष मंत्री और भाजपा नेता सर्बानंद सोनोवाल ने गुवाहाटी लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे भाजपा उम्मीदवार बिजुली कलिता मेधी के समर्थन में आज चंद्रपुर के पास पानीखैती और हेंगरबारी इलाकों में दो सार्वजनिक बैठकों को संबोधित किया। सोनोवाल ने लोगों से शांति, समृद्धि और विकास की यात्रा को जारी रखने के लिए भारी मतों से भाजपा उम्मीदवार को चुनकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मजबूत करने का आग्रह किया। गुवाहाटी दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए भारत का प्रवेश द्वार है। इस महत्व को समझते हुए, गुवाहाटी प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में विकास के एक नए क्षितिज पर पहुंच गया है। उन्होंने बाकी हिस्सों की तुलना में उत्तर पूर्व को एक दूरस्थ और पिछड़े क्षेत्र के रूप में नजरअंदाज कर दिया। देश और गुवाहाटी को राष्ट्रीय संदर्भ का हिस्सा बनाने और भारत की विकास यात्रा में अपने लोगों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कोई ईमानदार प्रयास नहीं किया गया, गुवाहाटी ने गुवाहाटी



और पूरे उत्तर पूर्व को आर्थिक विकास का इंजन बनाने के लिए महत्वपूर्ण *एक्ट ईस्ट* नीति लागू की है। नए भारत की पुनर्प्राप्ति, जिसके परिणामस्वरूप पूरे उत्तर पूर्व के विकास के लिए उत्प्रेरक के रूप में गुवाहाटी में अभूतपूर्व दीर्घकालिक निवेश हुआ है, समस्या हल हो गई है और गुवाहाटी अब दक्षिण एशिया में एक प्रमुख वाणिज्यिक केंद्र के रूप में महत्व प्राप्त कर रहा है। एनडीए सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धियों का जिक्र करते हुए केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा में बड़े पैमाने पर निवेश के माध्यम से, गुवाहाटी न केवल क्षेत्र के निवासियों के लिए एक प्रमुख स्वास्थ्य देखभाल केंद्र के रूप में काम कर रहा है; शहर में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल केंद्रों की अवधारणा कैंसर अस्पताल, गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज और महेंद्र मोहन चौधरी अस्पताल के विस्तार के माध्यम से पंचकर्म क्षेत्र का निर्माण तेज कर दिया गया है। पूर्वोत्तर भारत में पहला जहाज मरम्मत केंद्र 208 करोड़ रुपए के निवेश के साथ गुवाहाटी के पांडु बंदरगाह पर बनाया जा रहा है असम और उत्तर पूर्व. माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने *एक्ट ईस्ट पॉलिसी* को गति दी है और इस राष्ट्रीय जलमार्ग -2 के विकास और विभिन्न परियोजनाओं के शीघ्र कार्यान्वयन पर बहुत जोर दिया है। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय भी इसके लिए अथक प्रयास कर रहा है। इससे गुवाहाटी के लोगों को फायदा होगा।

## डंपर की चपेट में आने से स्कूटी सवार की मौत

**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी में डंपर की चपेट में आने से स्कूटी सवार की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि दिसपुर में भयानक हादसा तब हुआ जब गुरुवार की रात स्कूटी सवार तेज रफ्तार डंपर की ठोकर से दूर जा गिरा। हादसे में स्कूटी सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। खबर लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। यह हादसा दिसपुर थाने के सामने हुआ। दुर्घटना का कारण बने डंपर (एएस-01बीसी-0834) को स्थानीय लोगों ने डंपर के साथ चालक के साथ पकड़ने में कामयाबी हासिल की। दिसपुर पुलिस ने डंपर चालक को हिरासत में ले लिया है।

# जामुगुरीहाट में गैंडे की सींग के साथ तस्कर गिरफ्तार



**नगांव ( हिंस )।** जामुगुरीहाट में गैंडे की सींग के साथ एक कुख्यात तस्कर को भरलीचापरी से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि जामुगुरीहाट के तस्कर हनीफ अली को जामुगुड़ी थाना पुलिस, वन विभाग और ग्राम रक्षकों के एक संयुक्त अभियान में गिरफ्तार किया गया है। वह फिलहाल वन विभाग की हिरासत में है। हनीफ अली के दो सहयोगी अभियान चलाए जाने के दौरान भाग गए।

## ट्रक की चपेट में आने से दो बाइक सवारों की मौत

**नगांव ( हिंस )।** नगांव में बरघाट थानान्तर्गत नगांव बाईपास चौक के पास एक सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस द्वारा शुक्रवार को दी गई जानकारी के मुताबिक, उरियागांव से डिमौ की ओर जा रहे 16 पहिया वाले एक ट्रक ने मोटरसाइकिल (एएस-01एफएल-2926) को जोरदार ठोकर मार दी। जिसमें दोनों बाइक सवारों की घटनास्थल पर मौत हो गई। सड़क हादसे में मारे गए बाइक सवारों में सुबिद्रा दास (27) और अमीन अली (32) शामिल हैं। इनमें से सुबिद्र दास का घर गोसाईगांव में है, जबकि अमीन अली का घर रोहा में है। पुलिस ने मृतकों के शव को बरामद कर अंत्यपरीक्षण के लिए अस्पताल में भेज दिया। इस संदर्भ में एक प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी प्रक्रिया शुरू की गई है।

# मेघालय में ड्रग्स जब्त तीन तस्कर गिरफ्तार



**शिलांग ( हिंस )।** मेघालय में पुलिस ने कछार की सीमा से 136 ग्राम हेरोइन जब्त की है। साथ ही तस्करी में शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। मेघालय पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि सिलचर-शिलांग राष्ट्रीय राजमार्ग छह पर नाका चेकिंग के दौरान एक वाहन से हेरोइन से भरे 13 बक्से जब्त किए गए थे। जब्त हेरोइन की कीमत करीब एक करोड़ रुपए से अधिक है। गिरफ्तार लोगों की पहचान असम के हाजो उखुरा निवासी विनोद बोड़ो, बदरपुर शिवबर चौक के अब्दुल मुकिट और गारो हिल्स फूलबारी के ताजिरुल शेख के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों के तीन मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं।

# सीएम शर्मा ने राहुल-प्रियंका को बताया पूर्वोत्तर के लिए बेमतलब असम में माफिया राज के आरोप को किया खारिज

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा को पूर्वोत्तर राज्यों के लिए बेमतलब बताया। इसी के साथ उन्होंने कहा कि दोनों नेता अपनी समाप्ति तिथि भी पार कर चुके हैं। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने असम में माफिया राज होने का दावा किया था, जिसे असम के सीएम ने खारिज कर दिया। इसके बाद हिमंत विश्व शर्मा ने दावा किया कि पूरे राज्य में शांति है और सभी कल्याणकारी उपाय लोगों तक पहुंच रहे हैं। असम के मुख्यमंत्री ने भाजपा पर विपक्षी दल के वॉशिंग मशीन वाले तंज पर भी पलटवार किया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस के पास बड़ी हाई वोल्टेज वाली वॉशिंग मशीन है, जिसका इस्तेमाल दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को साफ करने के लिए किया गया था। उन्होंने आगे कहा कि उनके



(कांग्रेस) पास एक बड़ी वॉशिंग मशीन है। उनके पास ऐसी कौन सी वॉशिंग मशीन है, जिसमें उन्होंने अरविंद केजरीवाल को साफ कर दिया। मैं प्रियंका गांधी से पूछना चाहता हूं कि चार साल पहले उन्होंने कहा था कि शराब घोटाले के जरिए केजरीवाल पैसे लूट रहे हैं और अब वह एक अच्छे इंसान बन गए। उनके पास कौन सी वॉशिंग मशीन है? असम के सीएम ने आगे कहा कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी असम के लिए बेमतलब हैं। उनकी समाप्ति की सीमा खत्म हो चुकी है। बुधवार को धुबड़ी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार रकीबुल हुसैन के समर्थन में प्रियंका गांधी ने रैली को संबोधित किया था। इस रैली में उन्होंने कहा था कि जब शर्मा कांग्रेस में थे तो उनके खिलाफ बड़े आरोप लगे थे, लेकिन पार्टी बदलने के बाद उन्होंने खुद को भाजपा के वॉशिंग मशीन में साफ कर लिया। इसी के साथ कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि असम में माफिया राज है। प्रियंका गांधी के इन आरोपों को खारिज करते हुए असम सीएम ने कहा कि प्रियंका गांधी ने कांग्रेस शासित दिन नहीं देखे हैं। आज यहां कैसे माफिया है? आज यहां न विस्फोट होता है, न गोलीबारी की घटनाएं। यहां केवल रकीबुल हुसैन की माफियागिरी थी, उन्होंने गैंडे के अवैध शिकार के बारे में कुछ नहीं कहा। भाजपा नेता ने राज्य में सभी 14 सीटों पर जीत की उम्मीद जताई है।

# बेलतला बाजार बंद होने पर आप की प्रतिक्रिया

**गुवाहाटी।** आम आदमी पार्टी (आप) ने गुरुवार को शहर के बेलताला साप्ताहिक बाजार को अचानक बंद करने पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने गुरुवार को बेलतला बाजार को अचानक बंद कर दिया क्योंकि मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने गुवाहाटी लोकसभा क्षेत्र में भाजपा-नामांकित उम्मीदवार के लिए एक चुनावी रैली में भाग लिया, जिससे दूर-दराज से आए सब्जी व्यापारियों को परेशानी हुई। गुवाहाटी में सब्जी व्यापार की जीवनरेखा। नागांव, मोरीगांव, दरांग और गोलपारा जिलों के कई छोटे व्यापारी शहर के एक बड़े क्षेत्र में सब्जियां बेचने के लिए सप्ताह में दो बार इस बाजार में आते हैं। आप के राज्य मीडिया समन्वयक जयंत कुमार द्वारा हस्ताक्षरित एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है। कलिता, आप अध्यक्ष डॉ. भबेन चौधरी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री और गुवाहाटी नगर निगम को आम लोगों की समस्याओं की कोई चिंता नहीं है। बेलताला बाजार राज्य के हजारों छोटे सब्जी व्यापारियों के लिए आजीविका का स्रोत है। कई परिवारों के लिए, बाजार बंद होने का एक दिन भुखमरी का दिन होता है। हम मुख्यमंत्री और गुवाहाटी नगर निगम से आग्रह करते हैं कि वे इस तरह की अलोकतांत्रिक गतिविधियों से बचें। भविष्य में सरकार को ऐसा कोई भी निर्णय लेने से बचना चाहिए जो एक लोकतांत्रिक देश में लोगों के दैनिक जीवन में समस्याएं पैदा कर सकता है।

## गुवाहाटी में हेरोइन के साथ दो गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम पुलिस के स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) द्वारा दो ड्रग्स तस्करों को हेरोइन के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। एसटीएफ द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार विश्वसनीय सूचना के आधार पर हाथीगांव थाना क्षेत्र के दक्षिणगांव स्थित साओकुची रोड में शुक्रवार को दोपहर एसटीएफ द्वारा छापेमारी की गई। छापामारी में दो व्यक्तियों को पकड़ा गया। उक्त छापेमारी में संदिग्ध हेरोइन से भरी एक साबुनदानी बरामद किया गया। जिनका वजन 12.5 ग्राम है। साथ ही दो मोबाइल फोन तथा नकद 30 हजार दो सौ रुपये, एक बजाज पल्सर बाइक (एएस-15 यू-9994) बरामद किए गए। पकड़े गए व्यक्तियों की पहचान बाबिदुल हक (26) और नूर मोहम्मद (24) के रूप में हुई है। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं।

# गुवाहाटी में युवा मोर्चा के युवा सम्मेलन में चार हजार लोग शामिल हुए

**गुवाहाटी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले गठबंधन के गुवाहाटी लोकसभा उम्मीदवार बिजुली कलिता मेधी ने आज युवा मोर्चा के अध्यक्ष सिद्धंकु अंकुर बरुआ, राज्य भाजपा महासचिव, सांसद पल्लवी लोचन दास, सांसद द्वारा आयोजित एक युवा समारोह को संबोधित किया। पवित्रा मार्गेरिटाई। भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) ने घोषणा की है कि वह 4,000 से अधिक युवाओं की उपस्थिति में गुवाहाटी के खानापारा में गणेश मंदिर इंडोर स्टेडियम में एक युवा सम्मेलन आयोजित करेगा। देश का युवा आज बिना किसी हिचकिचाहट के भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में उतर आया है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के युवा अमृत काल में देश को गौरवशाली बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। राज्यसभा सांसद और भारतीय जनता पार्टी की लोकसभा-2024 चुनाव प्रबंधन समिति की संयोजक पवित्रा मार्गेरिटा ने कहा कि असम के युवाओं ने पहले ही समाप्त हो चुके दो चरणों के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को वोट दिया है। नए वोटर सबसे ज्यादा निकले हैं। केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार और डॉ. हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार द्वारा



शुरू की गई योजनाओं से हर स्तर पर युवाओं को लाभ हुआ है। भाजपा प्रदेश महासचिव पल्लवी लोचन दास ने कहा कि डॉ. शर्मा सरकार की पारदर्शी एवं निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया के कारण आज हजारों प्रतिभाशाली युवाओं को रोजगार मिल सका है। गुवाहाटी लोकसभा में युवा मतदाताओं ने बिजुली कलिता मेधी को भारी अंतर से हराकर नरेंद्र मोदी का हाथ मजबूत करने का फैसला कर लिया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, अगले पांच साल में देश की अर्थव्यवस्था 10 फीसदी बढ़ने की उम्मीद है. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अगले पांच साल में देश की अर्थव्यवस्था 10 फीसदी बढ़ने की उम्मीद है, अध्यक्ष निहारेंद्र शर्मा मौजूद रहे।

# धुबड़ी : कांग्रेसी प्रत्याशी रकीबुल हुसैन की ओर से चुनाव प्रचार करते विधायक रेकीबुद्दीन अहमद

**नगरबेड़ा ( विभास )।** तीसरे चरण के चुनाव के लिए राजनीतिक दल अपने प्रचार अभियान में तेजी से जुटे हुए हैं। अन्य निर्वाचन क्षेत्रों के साथ, नंबर 2 धुबड़ी लोकसभा क्षेत्र, विशेष रूप से कांग्रेस, एजीपी-भाजपा और एआईयूडीएफ दल, निर्वाचन क्षेत्र पर कब्जा करने के लिए अपने युद्ध-समय के प्रयासों को जारी रखे हुए हैं। प्रत्येक पार्टी हर दिन कई चुनावी सभाएं करके निर्वाचन क्षेत्र में प्रचार करती नजर आ रही है। आज छयगांव निर्वाचन क्षेत्र से विधायक रेकीबुद्दीन अहमद ने लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार रकीबुल हुसैन के लिए प्रचार किया। विधायक रेकीबुद्दीन अहमद ने चेंगा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भटनापैटिचर के तिनकोनिया बाजार और उजीररचर में रहमानी हाई स्कूल खेल मैदान परिसर में दो-दो चुनावी रैलियों को संबोधित किया।संबोधन में विधायक रेकीबुद्दीन अहमद ने भीषण गर्मी के बीच कांग्रेस की चुनावी रैली में लोगों के अपार समर्थन से प्रभावित होते



हुए लोगों का आभार जताया और लोगों का आभार जताते हुए कहा कि इस बार मौलाना बदरुद्दीन अजमल की हार तय है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस बार धुबड़ी में कांग्रेस के मजबूत उम्मीदवार रकीबुल हुसैन आए हैं। रेकिबुद्दीन अहमद ने कहा कि रकीबुल हुसैन कई लाख वोटों से निर्वाचन क्षेत्र से जीतेंगे, यह कहते हुए कि इस बार असम में इसके बारे में सोचे बिना, विपक्षी ओइक्या मंच और कांग्रेस उम्मीदवार जीतेंगे और राहुल गांधी देश के प्रधान मंत्री होंगे। कांग्रेस नेता राजीव अहमद, असम प्रदेश युवा कांग्रेस समिति के सचिव नजरुल इस्लाम, इस अवसर पर यूसुब अली, उजीरचर मंडल कांग्रेस अध्यक्ष शफीउर रहमान, पूर्व पंचायत अध्यक्ष जहांनारा परवीन सरकार उपस्थित थीं।

# हेरोइन के साथ महिला समेत दो गिरफ्तार



**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) द्वारा एक महिला समेत दो ड्रग्स तस्करों को हेरोइन के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। एसटीएफ द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार विश्वसनीय सूचना के आधार पर दिसपुर थाना क्षेत्र के खानापाड़ा स्थित गरम बाजार में शुक्रवार को दोपहर एसटीएफ द्वारा छापेमारी की गई। छापामारी में महिला सहित दो व्यक्तियों को पकड़ लिया गया। उक्त छापेमारी में संदिग्ध हेरोइन से भरी 68 प्लास्टिक की शीशियां बरामद की गई। जिनका वजन 87.5 ग्राम है। साथ ही दो मोबाइल फोन तथा नकद 3700 रुपए बरामद किए गए। पकड़े गए व्यक्तियों की पहचान अजय चुंगक्रांग (20) और बानी नाथ मनेर (28) के रूप में हुई है।

# महाप्रबंधक ने ऊपरी असम के उत्तर लखिमपुर-डिब्रूगढ़ सेक्शन का निरीक्षण किया

## विभिन्न स्टेशनों पर विकास कार्यों के प्रगति की समीक्षा की

**गुवाहाटी ( हिंस )।** पूसी रेलवे के महाप्रबंधक चेतन कुमार श्रीवास्तव ने आज तिनसुकिया मंडल अंतर्गत उत्तर लखिमपुर -डिब्रूगढ़ (वाया कामाख्या) सेक्शन का निरीक्षण किया। इस दौरान महाप्रबंधक के साथ तिनसुकिया के मंडल रेलवे प्रबंधक उत्तम प्रकाश सहित मुख्यालय और मंडल के वरिष्ठ अधिकारीगण थे। महाप्रबंधक ने ऊपरी असम के विभिन्न स्टेशनों में सभी विकास कार्यों, विद्युतीकरण का जायजा लिया। उन्होंने रेल अधिकारियों के साथ संवाद भी की और रेलवे स्टेशनों पर संरक्षा संबंधी उपकरणों का मुआयना किया। इसके अलावा, उन्होंने सुरक्षा, बचाव और यात्री सुविधा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए विभिन्न स्तरों पर रेलवे कर्मचारियों को सलाह दी। पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची दे ने बताया कि निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने उत्तर लखिमपुर, बोरदोलोनि, धेमाजी, टंगानी, धमल गांव और डिब्रूगढ़ स्टेशनों पर नए स्टेशन भवन, क्रू लॉबी, फुट ओवर ब्रिज, प्लेटफॉर्म और अन्य यात्री सुविधाओं के कार्यों की योजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने धेमाजी से बोगीबील ब्रिज नॉर्थ ब्लॉक हट और बोगीबील ब्रिज नॉर्थ ब्लॉक हट से टंगानी तक विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। उन्होंने लेवल क्रॉसिंग गेट, मार्शलिंग यार्ड, कोचिंग



यार्ड, छोटे और बड़े पुल, रनिंग रूम, स्वास्थ्य इकाई जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने चल रही गतिविधियों का गहन निरीक्षण किया और इन सेक्शनों के लिए विकास योजनाओं की जांच की। उन्होंने बेहतर, अतिरिक्त और बढ़ी हुई यात्री सुविधाएं प्रदान करने के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रही स्टेशन पुनर्विकास गतिविधियों का भी निरीक्षण किया। बाद में, महाप्रबंधक ने यूनियनों के प्रतिनिधियों और मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्श समिति के सदस्यों के साथ बातचीत की और क्षेत्र में बुनियादी संरचना के विकास और व्यापार विस्तार की योजनाओं पर चर्चा की। चल रहे कार्यों के प्रति महाप्रबंधक का आकलन यात्रियों के लिए सुरक्षित, कुशल और आरामदायक यात्रा का अनुभव प्रदान करने की दिशा में पूर्वोत्तर सीमा रेल के समर्पण और प्रयासों को दर्शाता है।

संपादकीय

# स्कूलों को मौत की धमकी

**राष्ट्रीय** राजधानी क्षेत्र दिल्ली-नोएडा के 222 स्कूलों को बम से उड़ा देने की धमकी ने एकबारगी तो सभी को कंपा दिया। हडक़ंप मच गया। लाखों लोग सन्नाटे में आ गए। अभिभावक घर से भागे, दफ्तर का काम छोड़ा और स्कूलों की तरफ बदहवास दौड़े, ताकि अपने बच्चों को सकुशल घर वापस ला सकें। सडक़ों पर सायरन बज रहे थे। फायर ब्रिगेड की गाडिय़ां भी भाग रही थीं। दिल्ली पुलिस के बम निरोधक दस्तों, श्वान दस्तों और अन्य जांच इकाइयों ने अपने-अपने मोर्चे संभाल लिए थे। दिन की शुरुआत किसी बड़े हादसे की संभावनाओं के साथ हुई थी। जिस ई-मेल आईडी-स्वारीम एट मेल डॉट आरयू- से स्कूलों को धमकी भेजी गई थी, उसकी शब्दावली आतंकी संगठन आईएसआईएस की भाषा से मिलती थी। ये शब्द अरबी भाषा के हैं, जिन्हें आईएस के आतंकी इस्तेमाल करते रहे हैं। रूसी डोमेन से मेल की गई थी। पुलिस का मानना है कि संभव है कि इसके लिए 'डार्कनेट' या 'प्रॉक्सी सर्वर' का प्रयोग किया गया हो! पुलिस की आतंकवाद विरोधी ईकाई, स्पेशल सेल भी जांच में जुड़ी है। साजिशकार कहीं बैठकर भी ये मेल भेज सकते थे। रूस में होना जरूरी नहीं है। रूस भारत के खिलाफ किसी 'हत्यारी साजिश' में शामिल क्यों होगा? क्या यह किसी आतंकी हमले का पूर्वाभ्यास भी हो सकता है? राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और नोएडा के अलावा बेंगलुरु, कोलकाता और चेन्नई सरीखे महानगरों के स्कूलों में भी ऐसी फर्जी और अफवाह वाली मेल भेजी जा चुकी हैं। क्या आतंकी ताकतें हमारी व्यवस्था को सचेत कर, अंततः लापरवाह कर देना चाहती हैं, ताकि असल हमला किया जा सके। बेशक 8 घंटों की मशक्कत के बाद पुलिस और गृह मंत्रालय इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि सब कुछ फर्जी था, अफवाह थी, लेकिन 2 लाख से अधिक स्कूली बच्चों की सुरक्षा दांव पर है। दिल्ली में आतंकी हमले होते रहे हैं, बेशक मोदी सरकार में वे नगण्य हो गए हैं। ऐसी अफवाहें भी 'साइबर अपराध' का हिस्सा हैं, जिसके खिलाफ कार्रवाई के लिए सीमापार पुलिस को भी सक्रिय होने की जरूरत है। दिल्ली-एनसीआर में जो कुछ भी हुआ है, वह धडक़नें रोक देने वाला प्रकरण है। एक तरफ मौत की धमकी थी, तो दूसरी ओर गृह मंत्रालय और पुलिस दहशत में न आने की बात कह रहे थे। शुक्र है कि मेल फर्जी, अफवाहपूर्ण साबित हुई, लेकिन बड़ी त्रासदी भी हो सकती थी। इन स्कूलों में 2 लाख से अधिक बच्चे पढ़ते हैं, अध्यापक और कर्मचारी भी हैं। यदि वाकई बम रखे होते और वे विस्फोट कर जाते, तो कल्पना करते हुए भी मन सिहरने लगता है! पाकिस्तान में फर्जी सिलसिलों के बाद अचानक पेशावर के स्कूल पर आतंकी हमला किया गया था, जिसमें करीब 140 मासूम छात्र मारे गए थे। पाकिस्तान को तो हम आतंकवाद की पनाहगाह मान सकते हैं, लिहाजा ऐसे हमले की कल्पना भी कर सकते हैं, लेकिन हमारे कोलकाता के करीब 200 सरकारी और निजी स्कूलों को इसी अप्रैल में ही, ई-मेल के जरिए, बम-विस्फोट की धमकी दी गई थी। 1 दिसंबर, 2023 को बेंगलुरु के 48 स्कूलों में बम की अफवाह फैलाई गई थी। फरवरी, 2024 में चेन्नई के 13 स्कूलों को ऐसी ही धमकी भेजी गई थी। क्या स्कूल ही किसी संगठन या साजिशकार के आसान निशाने पर हैं? ई-मेल की भाषा इतनी नफरत भरी थी कि हिंदुस्तान की व्यवस्था को 'काफिर' कहा गया था। आठ बार 'इंशाल्लाह' या 'अल्लाह' लिखा गया था, लिहाजा साफ संकेत है कि किस जमात ने वह मेल भेजी होगी! इन ई-मेल के मूल तक पहुंचना या साजिशकार का चेहरा चिह्नित करना लगभग 'असंभव' है, क्योंकि ई-मेल भेजने के बाद अकाउंट ही समाप्त कर दिया गया है। साजिशकार एक से दूसरे देश में चले गए होंगे! सीमापार जांचों और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य को साझा करने की अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था ही लगभग गायब है। यह सभी देशों के लिए गंभीर चुनौती है। भारत की 'पारस्परिक कानूनी सहायता संधि' करीब 42 देशों के साथ ही है, जबकि करीब 195 देश संयुक्त राष्ट्र संघ के सदस्य हैं। यह संधि 'साइबर अपराध' की जांच के लिए भी अनिवार्य हो, ऐसा प्रावधान नहीं है।

दिल्ली-नोएडा के 222 स्कूलों को बम से उड़ा देने की धमकी ने एकबारगी तो सभी को कंपा दिया। हडक़ंप मच गया। लाखों लोग सन्नाटे में आ गए। अभिभावक घर से भागे, दफ्तर का काम छोड़ा और स्कूलों की तरफ बदहवास दौड़े, ताकि अपने बच्चों को सकुशल घर वापस ला सकें। सडक़ों पर सायरन बज रहे थे। फायर ब्रिगेड की गाडिय़ां भी भाग रही थीं। दिल्ली पुलिस के बम निरोधक दस्तों, श्वान दस्तों और अन्य जांच इकाइयों ने अपने-अपने मोर्चे संभाल लिए थे। दिन की शुरुआत किसी बड़े हादसे की संभावनाओं के साथ हुई थी। जिस ई-मेल आईडी-स्वारीम एट मेल डॉट आरयू- से स्कूलों को धमकी भेजी गई थी, उसकी शब्दावली आतंकी संगठन आईएसआईएस की भाषा से मिलती थी। ये शब्द अरबी भाषा के हैं, जिन्हें आईएस के आतंकी इस्तेमाल करते रहे हैं।

### हमारा मकसद इस जंग से पैदा हुए एक दूसरे हालात की चर्चा करना है जिसने अमरीका की पोल खोल दी

# छात्र प्रदर्शनों ने खोली अमरीकी पाखंड की पोल

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

आतंकवादी संगठन हमास ने इजराइल के अनेकों नागरिकों को बन्धक बना रखा है। इस मुद्दे को लेकर दोनों पक्षों में जंग चल रही है जिसमें हजारों लोग मारे जा चुके हैं। लेकिन न हमास बन्धकों को छोडऩे को तैयार है और न इजराइल बिना बन्धकों को मुक्त कराए जंग रोकने को तैयार है। कहीं कहीं मामला यहूदी बनाम मुसलमान भी बनता जा रहा है। अब तो मुसलमान के अतिरिक्त शिया मजहब का पैरोकार इरान भी हमास के पक्ष में कूद पड़ा है जबकि पाकिस्तान में मुसलमान शिया मजहब वालों के इबादतखानों पर लगातार हमला करते रहते हैं।

**इजरायल** और हमास में जंग रुकने का नाम नहीं ले रही। आतंकवादी संगठन हमास ने इजराइल के अनेकों नागरिकों को बन्धक बना रखा है। इस मुद्दे को लेकर दोनों पक्षों में जंग चल रही है जिसमें हजारों लोग मारे जा चुके हैं। लेकिन न हमास बन्धकों को छोडऩे को तैयार है और न इजराइल बिना बन्धकों को मुक्त कराए जंग रोकने को तैयार है। कहीं कहीं मामला यहूदी बनाम मुसलमान भी बनता जा रहा है। अब तो मुसलमान के अतिरिक्त शिया मजहब का पैरोकार इरान भी हमास के पक्ष में कूद पड़ा है जबकि पाकिस्तान में मुसलमान शिया मजहब वालों के इबादतखानों पर लगातार हमला करते रहते हैं। लेकिन हमारा मकसद इजरायल-हमास की इस लड़ाई पर चर्चा करना नहीं है और न ही यहूदी-मुसलमान-शिया के इतिहास की भीतरी परतों को उखाडऩा है। हमारा मकसद इस जंग से पैदा हुए एक दूसरे हालात की चर्चा करना है जिसने अमरीका की पोल खोल दी है। इस जंग को लेकर अमरीका के विश्वविद्यालयों में एक जोरदार बहस छिड़ गई है जिसमें अध्यापक और शागिर्द दोनों ही पूरे जोश से हिस्सेदारी कर रहे हैं। इस विषय को लेकर विचार गोष्ठियां हो रही हैं। इन विचार गोष्ठियों में कोई इजराइल का पक्ष लेता है और कोई फिलस्तीन का पक्ष लेता है। लेकिन मामला यहीं तक रहता तब कोई बखेड़ा खड़ा नहीं होता। अमरीका अपने आप को मानव अधिकारों और विचार स्वतंत्रता का सबसे बड़ा अलम्बरदार मानता और मनवाता है। इसलिए ये विचार गोष्ठियां उसकी इस छवि को निखारने वाली ही थीं। लेकिन मामला विचार गोष्ठियों तक नहीं रहा। मामला आगे बढ़ गया। छात्र और अध्यापक गोष्ठी कक्षों से बाहर निकल कर विश्वविद्यालयों में प्रदर्शन करने लगे। जिंदाबाद-मुर्दाबाद से परिसर गूंजने लगे। कहीं प्रदर्शन इजराइल के पक्ष में हो रहा है और कहीं प्रदर्शन फिलस्तीन के पक्ष में हो रहा है। अनेक स्थानों पर तो प्रदर्शनकारी धरने पर ही बैठ गए। अब अमरीका में बहुत लम्बे अरसे से खड़ी स्वतंत्रता की देवी हिलने लगी। वह भी गुस्से में आ गई लगती है। उसका मानना है कि 'इस



प्रकार' की स्वतंत्रता ठीक नहीं है। 'उस प्रकार' की स्वतंत्रता ही ठीक है। शुरू में यह समझ में नहीं आ रहा था कि इनसे क्या अभिप्राय है, लेकिन जल्दी ही मामला स्पष्ट हो गया जब पुलिस ने इजरायल के पक्ष में प्रदर्शन कर रहे छात्रों को तो कुछ नहीं कहा, लेकिन फिलस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे छात्रों की धर पकड़ शुरू कर दी। कोलम्बिया विश्वविद्यालय में तो पुलिस की बर्बरता ने सभी हदें पार कर दीं। विश्वविद्यालय के अधिकारियों की अनुमति के बिना ही पुलिस विश्वविद्यालय परिसर में घुस गई। विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों तक को हथकडिय़ां लगाई गईं और धक्के मार मार कर उन्हें पुलिस की गाडिय़ों में ठूंस दिया गया। छात्रों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। उनका विश्वविद्यालयों में प्रवेश प्रतिबन्धित कर दिया। उनकी एडमिशन तक कैंसिल की जाने लगी। दरअसल इस जंग में अमरीका इजराइल का साथ दे रहा है। उसे अरबों रुपए के हथियार बेच रहा है। इसलिए जब विश्वविद्यालयों में इजराइल के पक्ष में प्रदर्शन होते हैं तो वे अमरीका की स्वतंत्रता की देवी के हिसाब किताब से 'इस प्रकार' की स्वतंत्रता में आते हैं। जो फिलस्तीन के हक में प्रदर्शन होते हैं, वे 'उस प्रकार' की स्वतंत्रता के घेरे में आते हैं, जिसकी अनुमति अब अमरीका देने को तैयार नहीं है। इस मामले में कुछ भारतीय छात्रों को भी पकड़ लिया गया है। हम यहां इस बात की चर्चा नहीं कर रहे कि इजराइल ठीक है या हमास-फिलस्तीन। हमारी चर्चा अमरीका के पाखंड की है जिसकी परतें खुल रही हैं। अमरीका सारी दुनिया को उपदेश ही नहीं देता बल्कि 'विचार स्वतंत्रता' के नाम पर दुनिया में थानेदार की भूमिका निभाने की कोशिश भी करता रहता है। फिलस्तीन के पक्ष में जिन भारतीय छात्रों को अमरीका ने पकड़ा है, मान लीजिए वही छात्र भारतीय विश्वविद्यालय में फिलस्तीन के पक्ष में प्रदर्शन करते और विश्वविद्यालय उन पर एक्शन करता तो अमरीका फतवा जारी करना शुरू कर देता कि भारत में तानाशाही आ रही है। विचार स्वतंत्रता का गला घोंटा जा रहा है। लेकिन जहां तक उसके अपने घर में यही मसला सामने आता है तो वह विचार स्वतंत्रता का गला घोंट ही नहीं रहा बल्कि उसको काट रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि अमरीका पुलिस के खुफिया लोग विश्वविद्यालयों में प्रवेश लेकर छात्रों और प्राध्यापकों की जासूसी करते हैं, उनके व्यक्तिगत जीवन में तांकझांक करते हैं ताकि यह पता रहे कि कौनसे लोग इजराइल को लेकर अमरीका की घोषित नीति के खिलाफ हैं। यह सब तब हो रहा है जब अमरीका के तथाकथित बुद्धिजीवी जवाहर लाल नेहरु विश्वविद्यालय के टुकड़े टुकड़े गैंग का विचार स्वतंत्रता के नाम पर समर्थन करते देखे जाते हैं। इजराइल-फिलस्तीन का मसला ऐसा पहला मसला नहीं है जिसमें अमरीका अपने असली रूप में सामने आया है। ऐसे अनेकों मसले हैं जिन पर अमरीका और उसके सत्ताधीश अपना असली रूप दिखाते रहते हैं। मसलन पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प का मसला ही ले लिया जाए। वे एक बार फिर राष्ट्रपति का चुनाव लडऩे के लिए मैदान में हैं। उनकी अपनी रिपब्लिकन पार्टी ने उन्हें मैदान में उतारने का ऐलान कर दिया है। कुछ महीने में ही चुनाव होने वाले हैं। मौजूदा राष्ट्रपति भी मैदान में हैं। उनको लगता है कि शायद वे चुनाव के मैदान में तो ट्रम्प का मुकाबला शायद न कर पाएं, इसलिए वे कचहरियों की मदद से ट्रम्प को मैदान से बाहर करना चाहते हैं। उनका मकसद है किसी तरह किसी केस में कचहरी ही उन पर चुनाव लडऩे का प्रतिबन्ध लगा दे।

दृष्टि कोण

# धधक रहे हैं धरती के फेफड़े, हो रहा पर्यावरण का विनाश

**धरती** पर जीवन जीने के लिए अति आवश्यक ऑक्सीजन के उत्पादन में एल्गी या शेवाल के बाद वनों की महती भूमिका को देखते हुए वनों को धरती के फेफड़ों की संज्ञा भी दी जाती है। लेकिन जब फेफड़े ही जल रहे हों तो फिर स्थिति की गंभीरता को आंका जा सकता है। अगर आप भारतीय वन सर्वेक्षण विभाग के वनाग्नि डेशबोर्ड पर 24 अप्रैल की सुबह की ताजा स्थिति पर नजर डालें, तो आपको देशभर में पृथ्वी के दहकते फेफड़ों में मची तबाही का मंजर साफ नजर आएगा। भारतीय वन सर्वेक्षण विभाग उपग्रह से प्राप्त वनाग्नि के दृश्यों के विष्लेशित आकड़ों की पल-पल की जानकारी राज्यों के वन विभागों को देता है, जिससे की वनाग्नि को बुझाने के लिए तत्काल कार्यवाही कर सकें। विभाग के डैशबोर्ड पर 24 अप्रैल की प्रातः उत्तर से लेकर दक्षिण तक देश के 13 राज्यों में 62 वन क्षेत्रों में भीषण आग लगी हुई थी, जिनमें हिमालयी राज्य उत्तराखण्ड में सर्वाधिक 30 स्थानों पर जंगल भयंकर रूप से धू-धू कर जल रहे थे। हिमालय पर लपटें कितनी खतरनाक हैं, उसे बढ़ती दैवी आपदाओं से साफ महसूस किया जा सकता है। डैशबोर्ड में दूसरे नम्बर पर 8 घटनाओं के साथ आन्ध्र प्रदेश, 6 के साथ बिहार और 3 अग्निकांडों के साथ झारखण्ड को दर्शाया गया था। बाकी राज्यों में एक या दो घटनाऐं दर्शायी गयीं थी। यही नहीं डैशबोर्ड में 17 अप्रैल से 22 अप्रैल तक के सप्ताह में हुए भीषण अग्निकाण्डों में उड़ीसा को पहले और उत्तराखण्ड को दूसरे स्थान पर दर्शाया गया था। उसके बाद वन बाहुल्य छत्तीसगढ़, और झारखण्ड की स्थिति बताई गई है। सरकारी विवरणों को अगर देखें तो वनाग्नि के नुकसान में केवल पेड़ों की गिनती करने के साथ ही आर्थिक नुकसान का आंकलन कर दिया जाता है, जबकि वन पेड़ पौधों और जीवों की प्रजातियों की एक विशाल श्रृंखला के प्राकृतिक घर हैं, जिनमें से कई प्रजातियां अन्यत्र कहीं नहीं पाई जाती हैं। जंगल में बड़े पेडों के अलावा छोटी नाजुक वनस्पतियां, लाइकेन्स के साथ ही जीवों की हिरन, लोमड़ी, गुलदार जैसे स्तनपायी जीव प्रायः भागकर जान बचाने में कामयाब हो सकते हैं। लेकिन पक्षी, तितलियां, मक्खियां, मकड़े, कीड़े-मकोड़े, मेंढक,



दीमक, रेंगने वाले सांप, छिपकलियां और केंचुए जैसे अनगिनत जीव प्रजातियां खाक हो जाती हैं। आप कह सकते हैं कि वनाग्नि से भरा पूरा वन्यजीव संसार खाक हो जाता है। जबकि चींटी और दीमक से लेकर बड़े स्तनपाई जीवों तक हर एक को प्रकृति ने कुछ न कुछ दायित्व सौपा हुआ है। उदाहरण के लिए अगर वनों में दीमक न होंगे तो मिट्टी में उपजे बड़े पेड़ फिर मिट्टी में कैसे मिल पाएंगे। वनों को पृथ्वी के फेफड़े इसलिए माना जाता है, क्योंकि मानव फेफड़े की तरह वन ऑक्सीजन का उत्पादन करने और कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हम सांस में ऑक्सीजन लेते हैं और कार्बन डाइऑक्साइड छोड़ते हैं। हमारी त्यागी गई कार्बनडाइआक्साइड वृक्षों के काम आती है और पादपों द्वारा छोड़ी गई ऑक्सीजन हमारे काम आ जाती है। वन प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया के माध्यम से वायुमंडल से कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं और ऑक्सीजन छोड़ते हैं, जिससे वे पृथ्वी के वायुमंडल में गैसों के संतुलन को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण हो जाते हैं। जंगल की आग से उत्पन्न धुआं और राख हवा की गुणवत्ता को खराब करता है, जिससे आस-पास के समुदायों में रहने वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य जोखिम पैदा हो सकता है। जंगल की आग बड़ी मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य ग्रीनहाउस गैसों को वायुमंडल में छोड़ती है, जो जलवायु परिवर्तन में योगदान करती है और ग्लोबल वार्मिंग को बढ़ाती है। इस धुंवे में ब्लैक कार्बन होता है जो कि ग्लोबल और लोकल वार्मिंग का बढ़ाता है और इसका ऐरासोल वृद्धि के साथ ही अतिवृष्टि में भी सीधा योगदान होता है। जंगल की आग एक वैश्विक समस्या है। ऑस्ट्रेलिया, अमेजॉन, कनाडा के लम्बे समय तक दहकने वाले अग्निकांड इतिहास में दर्ज हैं। चूंकि अब धीरे-धीरे धरती का वनावरण सिमट रहा है इसलिए बचे-खुचे जंगलों की आग और अधिक विनाशकारी साबित हो रही है। भारतीय वन सर्वेक्षण विभाग के आंकड़ों के अनुसार देश का 36 प्रतिशत वनक्षेत्र अक्सर वनाग्नि से धधकता रहता है और इसमें से भी 4 प्रतिशत क्षेत्र वनाग्नि की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है। जबकि 6 प्रतिशत वनावरण अत्यधिक अग्नि प्रवण पाया गया है। फॉरेस्ट इन्वेटरी रिकॉर्ड के अनुसार भारत में 54.40 प्रतिशत वन कभी-कभी आग की चपेट में आते हैं। 7.49 प्रतिशत मामूली रूप से बार-बार जलते हैं, जबकि 2.40 प्रतिशत वन अक्सर जलते रहते हैं। देश का 35.71 प्रतिशत वन क्षेत्र कभी भी आग की चपेट में नहीं आया। उत्तराखण्ड सरकार ने वनों में भड़की आग पर काबू पाने के लिए वायुसेना के हेलीकाप्टर मोर्चे पर उतार दिए हैं। वनकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। इस पर सेवा निवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल एमसी भण्डारी इसे सेना का दुरुपयोग बताते हैं और कहते हैं कि सेना का उपयोग केवल बेहद गंभीर स्थितियों में तब किया जाता है जब सिविल एडमिनिस्ट्रेशन असफल हो जाता है और स्थिति उसके नियंत्रण से बाहर हो जाती है।

कुछ अलग

# दुनिया गोल है...

**भूगोल** हमें बताता है कि हमारी पृथ्वी चपटी और गोलाकार आकार की है, जिसका मतलब है कि यह ज्यादातर गोलाकार है, लेकिन अपने धुरुवों पर थोड़ी चपटी है और भूमध्य रेखा पर थोड़ी उभरी हुई है। यह लगभग एक अनियमित आकार के दीर्घ वृत्त की तरह की है। इसके अलावा, अन्य ग्रहों की तरह पृथ्वी भी सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाती है और यह अपनी धुरी पर भी घूमती है। पृथ्वी अपने अक्ष पर दाहिनी ओर यानी पूर्व दिशा में 23.5 डिग्री झुकी हुई भी है। पृथ्वी अपनी धुरी पर घूमती है जिसके कारण दिन और रात होते हैं क्योंकि पृथ्वी का जो भाग सूर्य के सामने होता है वहां सूर्य की रोशनी पहुंचने के कारण दिन होता है और जो भाग पीछे छुप जाता है वहां रात हो जाती है। पृथ्वी सूर्य के चारों ओर घूमती है उसके कारण हम विभिन्न मौसम देख पाते हैं। पृथ्वी लगभग गोलाकार है और समय, स्थान और स्थिति के अनुसार दुनिया के लोगों का व्यवहार बदलते मौसम की तरह हमेशा बदलने वाला होने के कारण दुनिया के बारे में भी यह जुमला बन गया कि दुनिया गोल है। आज हम अपने आसपास की दुनिया में जो भी गड़बडियां देखते हैं उसका कारण यही है कि 'दुनिया गोल है', यानी, लोगों के व्यवहार के बारे में कोई सटीक भविष्यवाणी कर पाना हमेशा संभव नहीं है। मनोवैज्ञानिक भी मानते हैं कि एक ही स्थिति पर अलग-अलग व्यक्तियों की राय, नजरिया और व्यवहार अलग-अलग होंगे। यह तो रही दुनियावी स्थिति, लेकिन अगर हमें एक सीधे-सच्चे इनसान की तरह इसी दुनिया में जीवन बिताना हो तो हमें क्या करना होगा? हम पहले ही कह चुके हैं कि पृथ्वी गोल है, दायीं ओर झुकी हुई है, अपनी धुरी पर घूमती है और सूर्य के भी चारों ओर चक्कर लगाती है। सवाल यह है कि पृथ्वी के गोल होने का, अपनी धुरी पर घूमने का, दायीं ओर झुके हुए होने का, सूर्य के चारों तरफ चक्कर लगाने का हमारे जीवन पर क्या प्रभाव है, या हम इससे क्या सीख सकते हैं? पृथ्वी गोल है, यानी इसका कोई आरंभ और कोई अंत नहीं है। इसे हम यूं भी कह सकते हैं कि पृथ्वी का गोला बनाने के लिए हम जहां से शुरू करते हैं, उसका अंत भी वहीं होगा। हमारा जीवन भी ऐसा ही होना चाहिए। हम पैदा होते हैं, बड़े होते हैं, पढ़ते-लिखते हैं, पढ़ाई पूरी होने पर काम पर जाना शुरू करते हैं, शादी होती है, बच्चे होते हैं, और हमारी उम्र बढऩे के साथ-साथ हमारे बच्चों के साथ भी यही क्रम चलता है, बड़े होना, पढऩा-लिखना, काम पर लगना और फिर शादी हो जाना। बच्चे एक बार सैटल हो जाएं तो हमारा एक सर्कल पूरा हो जाता है। अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियां पूरी करते हुए हम एक तरह से गोल-गोल घूमते हैं, यह है अपनी ही धुरी पर घूमना। जैसे पृथ्वी अपनी धुरी पर घूमती है, वैसे ही हम भी जब अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियां पूरी करते हैं तो हम अपनी धुरी पर घूम रहे होते हैं। लेकिन जब हमारे बच्चे सैटल हो जाते हैं और उनकी शादी भी हो जाती है तो हमारा वह चक्कर भी पूरा हो जाता है जिसकी तुलना हम पृथ्वी के सूर्य के चारों तरफ चक्कर लगाने से कर सकते हैं। वह जीवन का एक चक्र है, जो पूरा हो गया। अपनी धुरी पर घूमते रहना तो तब भी जारी रहता ही है, क्योंकि हम परिवार की जिम्मेदारियों से मुक्त नहीं हो पाते। बच्चों के बाद नाती-पोते हमारे नए खिलौने बन जाते हैं और हम उन्हें सहेजने-संवारने में जुट जाते हैं। लेकिन सूर्य के चारों तरफ के पृथ्वी के चक्कर की तुलना वाले अपने चक्कर के बाद हम मानो ठहर जाते हैं और सूर्य के चारों ओर का हमारा अगला चक्कर लगता ही नहीं। यहां फिर सवाल यह है कि हमारे अपने जीवन में हमारे लिए सूर्य के चक्कर का क्या मतलब है और इसका महत्व क्या है? जब एक बार हमारे अपने बच्चे सैटल हो गए और शादी करके अपने-अपने परिवार में रम गए, तो हमारी पारिवारिक जिम्मेदारियों का एक चरण पूरा हो गया।

देश दुनीया से

# औरत क्या चाहती है, समझने के लिए त्यागनी होगी पुरुषवादी सोच

स्त्री शोषण और पुरुषतंत्र की भयावहता के बारे में बताया गया था। निमंत्रण लिखने के कारण मुझे अनेक लोगों की निंदा-आलोचना सुननी पड़ी थी। कुछ लोगों के मुताबिक, वह पोर्नोग्राफी थी, जिसमें यौन संबंधों का खुला चित्रण था। बस, फिर क्या था, चारों ओर मेरी बदनामी कर दी गई। मेरी बदनामी फैलने लगी। कहा गया कि मैं पोर्नोग्राफी लिखती हूं। मेरी उस उपन्यासिका में आखिर था क्या? कहानी यह थी कि अट्ठारह साल की किशोरी एक सुदर्शन युवक के प्रेम में पड़ जाती है। जबकि वह युवक उस तरुणी के दायरे से बहुत दूर है। तरुणी उस युवक को रोज चिट्ठी लिखती है, जिसमें वह अपना प्रेम निवेदन करती है।

**वर्ष** 1991 में मैंने निमंत्रण नाम से एक उपन्यासिका लिखी थी, जिसमें स्त्री शोषण और पुरुषतंत्र की भयावहता के बारे में बताया गया था। निमंत्रण लिखने के कारण मुझे अनेक लोगों की निंदा-आलोचना सुननी पड़ी थी। कुछ लोगों के मुताबिक, वह पोर्नोग्राफी थी, जिसमें यौन संबंधों का खुला चित्रण था। बस, फिर क्या था, चारों ओर मेरी बदनामी कर दी गई। मेरी बदनामी फैलने लगी। कहा गया कि मैं पोर्नोग्राफी लिखती हूं। मेरी उस उपन्यासिका में आखिर था क्या? कहानी यह थी कि अट्ठारह साल की किशोरी एक सुदर्शन युवक के प्रेम में पड़ जाती है। जबकि वह युवक उस तरुणी के दायरे से बहुत दूर है। तरुणी उस युवक को रोज चिट्ठी लिखती है, जिसमें वह अपना प्रेम निवेदन करती है। लेकिन युवक के पास वे चिट्ठियां पहुंचती ही नहीं। आखिरकार जब युवक को किशोरी के उससे एकतरफा प्रेम का पता चलता है, तब दो दिन प्रेम का अभिनय कर एक दोपहर को वह उसे अपने घर लंच के लिए आमंत्रित करता है। किशोरी सज-धजकर अपने प्रेमी के लिए कीमती उपहार खरीदकर उसके यहां पहुंचती है। वहां युवक और उसके सात दोस्त थे। वे सब उससे बलात्कार करते हैं। सामूहिक बलात्कार के बाद अंदर और बाहर से गंभीर रूप से घायल वह किशोरी घर लौटते हुए मन ही मन सोचती है कि पिता जब उससे पूछेंगे कि कहां गई थी, तब वह झूठ नहीं बोलेगी। उन्हें बता देगी कि वह किसी के निमंत्रण पर उसके घर गई थी। उपन्यासिका यहीं खत्म हो जाती है। उसमें बलात्कार के जो ब्योरे दिए गए थे, स्त्री-विरोधियों ने उसे पोर्नोग्राफी कहा था। समाज में जब स्त्री विरोधियों की संख्या बढ़ जाती है, तब औरतों के शोषण को स्वाभाविक समझ लिया जाता है। ऐसे तत्वों के लिए बलात्कार भी स्वाभाविक घटना है। निमंत्रण की कहानी काल्पनिक नहीं थी। हालांकि समाज का एक वर्ग मानता है कि इस तरह की घटनाएं नहीं होतीं। दूसरा वर्ग यह तो मानता है कि इस तरह की घटनाएं होती हैं, लेकिन उसका कहना है कि इसके लिए महिलाएं ही दोषी हैं। वे क्यों दोषी हैं, इसकी वजह भी बताई जाती है। दोष यह है कि वे प्रेम में पड़ती ही क्यों हैं? वे पुरुषों के पास जाती ही क्यों हैं? जाने पर तो उनके साथ गलत होगा ही। जो लोग बलात्कार का शिकार होने वाली महिलाओं पर ही बलात्कार की जिम्मेदारी डाल देते हैं, वे चाहते हैं कि लड़कियां घर से बाहर न निकलें, किसी के प्रेम में न पड़ें, किसी पर भरोसा न करें और किसी के निमंत्रण पर उसके यहां या उसके साथ न जाएं। वे महिलाओं को तो जिम्मेदार ठहरा देते हैं, लेकिन पुरुष की आंखों में उंगली डालकर नहीं कहते कि महिलाओं के साथ अत्याचार करने का पुरुषों को कोई अधिकार नहीं है। यह अजीब है कि घर से बाहर तक लड़कियों-महिलाओं के साथ गलत बर्ताव और यौन हिंसा को अंजाम तो पुरुष देते हैं, लेकिन इन सबके लिए जिम्मेदार महिलाओं को ठहराया जाता है। पुरुषवर्चस्ववादी समाज में पुरुषों की बर्बरता को कमतर करके दिखाने या उन्हें निर्दोष बताने की प्रवृत्ति पुरानी है। जिन लोगों ने निमंत्रण की कहानी को मनगढंत बताया था, उन्हें छत्तीसगढ़ के बिलासपुर की एक खबर से अवगत कराना चाहती हूं, जहां सोलह वर्षीय एक किशोरी के साथ उसके प्रेमी और उसके दो साथियों ने मिलकर बलात्कार किया। तीन युवाओं ने किशोरी को पूरी रात एक परित्यक्त घर में बंधक बनाकर रखा था। सुबह घर लौटी किशोरी ने पिता को सारी बातें बताईं, तो घरवालों ने थाने में रिपोर्ट लिखवाई। निमंत्रण नाम की उपन्यासिका मैंने लड़कियों-महिलाओं को सजग करने के लिए लिखी थी। मैं महिलाओं को यह बताना चाह रही थी कि उन्हें पुरुषों के जाल में नहीं फंसना चाहिए। इसमें संदेह नहीं कि शिक्षा ने आज की बहुत-सी स्त्रियों को जिस तरह आत्मनिर्भर बनाया है, उसी तरह उन्हें सजग भी किया है। लेकिन सभी स्त्रियां शिक्षित और सजग नहीं हैं, इसलिए वे पुरुषों के जाल में आसानी से फंस जाती हैं। हालांकि अनेक शिक्षित और आत्मनिर्भर स्त्रियां भी पुरुषों के धोखे और यौन अत्याचार का शिकार होती हैं। मौजूदा 21वीं सदी में भी स्त्रियों की यह दुर्दशा है, तो इसके लिए पुरुषवादी सोच जिम्मेदार है। लेकिन मैं यहां यह भी बताना चाहती हूं कि शिक्षा ने स्त्रियों के प्रति अनेक पुरुषों की भी सोच बदली है। निमंत्रण उपन्यासिका में भी पुरुषों के लिए संदेश था, और मेरा मानना है कि उसे पढ़कर अनेक पुरुषों ने भी स्त्रियों के प्रति संवेदनशील व्यवहार करने के बारे में सीखा या सोचा होगा। लेकिन पुरुषों की बड़ी आबादी की सोच नहीं बदली है, इसी कारण महिलाओं के साथ होने वाली यौन हिंसा की घटनाएं कम होने का नाम ही नहीं ले रहीं।



आप का नजरीया

# वाहन रफ्तार के हमले

**हम** वाहन चला नहीं रहे, बल्कि रफ्तार को हमलावर बना रहे हैं। इसी रविवार के दृष्टांत में देखें तो वाहनों की गति व भौगोलिक परिस्थिति ने लील दिए छह लोग। ठियोग की खाई में गिरे वाहन ने दो यात्रियों की ईहलीला खत्म की दी, हाटकोटी का मलबा वाहन को लपेट कर दो लोगों के लिए घातक बना। ऊना-चंडीगढ़ मार्ग पर रफ्तार ने यमदूत बन कर दो युवकों को काल का ग्रास बना दिया, जबकि बिलासपुर में ट्रक की टक्कर ने एचआरटीसी की बस को पुल के नीचे लुढक़ा दिया। गनीमत यह कि इस दुर्घटना में चोटिल होने के बावजूद यात्री बाल-बाल बच गए, वरना मौत के दृश्य हम अपनी करनी से पैदा कर रहे हैं। इसमें दो राय नहीं कि हिमाचल में अधिकांश सडक़ें तंग हैं, लेकिन जीवन को गति देने के प्रयास में वाहन चालन के नियम और सडक़ पर शिष्टाचार लगभग समाप्त है। वाहनों का पंजीकरण अगर साढ़े बाईस लाख से ऊपर पहुंच चुका है, तो इतने ही बाहरी राज्यों के वाहन सडक़ों पर दौड़ रहे हैं। सडक़ों का विस्तार व इनका चौड़ाकरण अपने आप में एक सुखद एहसास है, लेकिन हिमाचल में वाहन चालन की परिपाटी बिगडैल हो रही है। दोपहिया वाहन और आवारा पशु, किसी भी बड़े वाहन को चुनौती दे सकते हैं, जबकि निजी बसें, टैक्सियां और स्थानीय ट्रांसपोर्ट की जरूरतें दबाव बढ़ा रही हैं। अभी पर्यटन सीजन शुरू हो चुका है, लेकिन पुलिस पैट्रोलिंग सिर्फ चालान काटकर अव्यवस्था में शिरकत कर रही है। पर्यटन सीजन में वाहन दुर्घटनाओं के आंकड़ों पर गौर करें, तो यातायात पुलिस का हुलिया बदलने की जरूरत है। न हम रोकते और न ही टोकते हैं, बल्कि आज भी ट्रक-ट्रैक्टर ट्रॉलियों में भर कर श्रद्धालु मंदिर पर्यटन के अभिप्राय बन जाते हैं। स्थानीय यातायात में निजी वाहनों पर बढ़ती निर्भरता और आवाजाही में कर्मचारी वर्ग द्वारा वाहनों का अधिकतम प्रयोग, सडक़ पर उच्छृंखलता बढ़ा रहा है। ऐसे में जरूरत है कि वाहन चालकों को नियमों का भय और चलने की सभ्यता सिखाई जाए। आखिर हिमाचल को चलाने के लिए कितने वाहन चाहिए और उनके कौन से मॉडल उपयुक्त हैं। आज भी प्रदेश की कुछ सडक़ें जिस भौगोलिक स्थिति का प्रतिनिधित्व करती हैं, वहां पेट्रोल बचाने के लिए कुछ वाहन चालक खतरनाक ढर्रे को अंजाम देते हैं या ओवरटेकिंग की कला जोर जबरदस्ती के आलम में भयावह प्रतीत होती है। पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम न तो यातायात के दबाव समझ पा रहा है और न ही इसके निर्देश तय कर पा रहा है। नतीजतन रूट परमिट आबंटन के कारण सडक़ों पर वाहनों की प्रतिस्पर्धा, रुकने व सवारी उतारने-चढ़ाने की लापरवाही तथा ओवरटेकिंग के मंसूबे आत्मघातक होकर कई बार मौत के अंजाम तक पहुंच रहे हैं। वाहनों की बढ़ती खरीद, ड्राइविंग में बढ़ती स्पीड और आधुनिक जीवन शैली की व्यस्तता में बढ़ती लापरवाही ने हिमाचल का सुकून छीन लिया है। परिवहन को सुरक्षित बनाने के लिए ड्राइविंग शिष्टाचार को सिर्फ पुलिस पैट्रोलिंग ही सुधार सकती है, जबकि सिटी व इंटरसिटी बस सेवाओं को सक्षम व निजी वाहनों की तरह समय का पाबंद बनाना होगा। सार्वजनिक परिवहन के विभिन्न विकल्पों पर महापरियोजनाओं पर काम करना पड़ेगा, क्योंकि सडक़ों की चौड़ाई को बढ़ाते हुए हम पहाड़ों को अस्थिर कर रहे हैं।

## सड़क हादसों में घायल तीन की मौत

**जोधपुर ( हिंस )।** शहर और इसके आसपास हुई सड़क दुर्घटनाओं में घायल तीन लोगों की अस्पताल में उपचार के बीच मौत हो गई। पुलिस ने मामले दर्ज कर शवों को कार्रवाई के उपरांत परिजन के सुपुर्द किए। मथानिया पुलिस ने बताया कि नेवरा रोड निवासी सुमेरराम पुत्र धन्नाराम जाट की तरफ से रिपोर्ट दी गई कि उसका भतीजा 14 वर्षीय जगदीश पुत्र हुकमाराम और उसका चचेरा भाई दीपाराम शादी समारोह से पैदल लौट रहे थे। तब नेवरा रोड किसी पर किसी कार चालक ने चपेट में ले लिया। हादसे में उसका भतीजा जगदीश गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी अस्पताल में उपचार के बीच मौत हो गई। पीलवा लोहावट निवासी ओंकारसिंह पुत्र महेश्वरसिंह ने रिपोर्ट दी कि उसका भाई 27 वर्षीय योगेश्वर सिंह एवं उसका साथी रघुवीरसिंह बाइक लेकर जोधपु से घर की तरफ आ रहे थे। तब किरमसरिया- उम्मेद नगर की बीच में पीछे से आई एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी। जिस पर दोनों जख्मी हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

# सपा बसपा कांग्रेस के कार्यकाल में भूखे मरते थे लोग : योगी आदित्यनाथ

**बरेली ( हिंस )।** लोकसभा चुनाव में तीसरे चरण के मतदान को लेकर काउंटडाउन शुरू होने वाला है। ऐसे में पक्ष-विपक्ष दोनों की ओर से मैदान में बढ़त बनाने की जोर-आजमाइश शुरू हो गई है। बरेली की आंवला सीट पर भी कई नए मुद्दे भी उभरकर सामने आए हैं और चुनाव का रंग रूप भी बदलता दिख रहा हैं। आंवला लोकसभा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के समर्थन में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर जमकर हमला बोलतें हुए कहा 2014 के भारत और अब के भारत में काफी अंतर है। उन्होंने कहा 2014 के भारत में देश की सीमाएं सुरक्षित नहीं थी आतंकवाद चरम सीमा पर था जगह-जगह विस्फोट हो रहे थे नक्सलवाद पैर पसार रहा था विकास के कार्य ठप पड़े थे। कांग्रेस बसपा सपा की सरकारों में लोग भूख से मरते थे। किसान आत्महत्या करता था नौजवान पलायन करता था बेटियों की इज्जत सुरक्षित नहीं थी। वहीं योगी ने कहा कि सपा कहती थी श्री राम बोलोगे तो अंदर बंद कर देंगे अयोध्या के लिये कहते थे कि अयोध्या में कोई परिंदा भी पर नहीं मार सकता। वहीं मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2014 के बाद का भारत देखिए दुनियां में देश का नाम हो रहा है। सीमाएं सुरक्षित है। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में राशन दिया जा रहा है। वही मुख्यमंत्री ने आयुष्मान कार्ड योजना के बारे में भी बताया उन्होंने अपने संबोधन में जनता से कहा कि सरकार आपकी है पैसा हम देंगे आराम से उपचार कराओ मोदी जी ने 50 करोड़ गरीबों के जनधन अकाउंट खोलें हैं। उन्होंने आरक्षण को लेकर कहा कि पिछड़ी जाति, अनुसूचित जनजाति में सेंधमारी की जा रही है। कांग्रेस ने



सच्चर कमेटी गठित कर सेंधमारी करने का काम किया था। जिसमें 6 प्रतिशत मिलने वाले आरक्षण को मुसलमानों को देने की तैयारी थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस को बंटवारा करने की आदत है पहले देश को बांटा। उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होना चाहिए क्योंकि धार्मिक आधार पर देश का विभाजन हुआ। उन्होंने कहा था कि कोई भी ऐसा कार्य नहीं करना चाहिए जो फिर से देश का विभाजन हो। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा लेकिन कांग्रेस की आदत है बटवारा करने की पहले देश को बांटा आज कांग्रेस समाज को जाति के आधार पर बांट रही है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भाजपा ने सबको एक समान समझा जितनी भी गरीब कल्याणकारी योजनाएं आई उसमें बीजेपी ने किसी का चेहरा और मजहब देखकर योजनाएं नहीं दी। भाजपा ने सबका साथ सबका विकास का नारा दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान में 23 करोड़ लोग भूख से मर रहे हैं। वहीं भारत 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन दे रहा है।

## गुस्साए लोगों ने रेप-मर्डर के आरोपी के घर को जलाया, आगजनी व तोड़फोड़

**दौसा ( हिंस )।** मेहंदीपुर बालाजी थाना इलाके के एक गांव में छह महीने की प्रसूता के रेप और मर्डर के आरोपी के घर को गुस्साए लोगों ने जला दिया। गुरुवार रात ये घटनाक्रम हुआ। इस दौरान लोगों ने एकराय होकर अचानक आरोपी के घर समेत चार मकानों पर धावा बोल दिया और आगजनी कर दी। इन मकानों में तोड़फोड़ भी की गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस पर भी लोगों ने पथराव कर दिया। इससे कई पुलिसकर्मियों को चोट आई और पुलिस की कार के शीशे टूट गए। हालांकि इस दौरान घर में कोई मौजूद नहीं था। इससे जनहानि टल गई। वारदात को अंजाम देते वक्त आगजनी करने वाले कई लोग झुलस गए, जिनमें से तीन लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। मेहंदीपुर बालाजी थाना इलाके के एक गांव के निवासी युवक ने 28 अप्रैल को एक रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इसमे बताया था कि उसकी पत्नी को गांव का ही युवक जगराम मीणा 27 अप्रैल को चारा भरवाने की बात कहकर ले गया था, लेकिन वे खेत में नहीं पहुंचे। इसके बाद युवक ने पत्नी के घर नहीं लौटने पर उसे इधर-उधर और रिश्तेदारी में तलाश किया, लेकिन पता नहीं चला। आरोपी युवक का फोन भी बंद आया और वो घर पर गायब मिला। इसके बाद महिला के पति ने 28 अप्रैल को गांव के युवक जगराम पर संदेह जताते हुए एफआईआर दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने तलाश शुरू की तो लापता महिला का शव 29 अप्रैल को दोपहर गांव के ही जंगल में पहाड़ के पास खेत में क्षत-विक्षत हालत में पड़ा मिला था। इस पर मृतका के पति ने हत्या कि रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि जगराम मीणा ने दुष्कर्म के बाद उसकी पत्नी की हत्या कर दी। उसकी पत्नी छह महीने की प्रेग्नेंट भी थी। मामले में पुलिस ने एक मई को आरोपी जगराम पुत्र बाबूलाल मीणा को हाईवे के पास खेड़ापहाड़पुर चौराहे से गिरफ्तार किया था। बताया जा रहा है कि घटनाक्रम से पहले गांव के कुछ लोगों ने मीटिंग कर महिला से दुष्कर्म व हत्या के आरोपी के परिवार को भी सबक सिखाने की बात कही। इसके बाद आरोपी के घर पर धावा बोल जमकर तोड़फोड़ की और आग के हवाले कर दिया।

# लोक लुभावन वादों के साथ जनता को रिझाने की तेजस्वी प्रसाद की कोशिश



**अररिया ( हिंस )।** विश्व प्रसिद्ध साहित्यकार फणीश्वरनाथ रेणु की धरती अररिया के सिमराहा मध्य विद्यालय मैदान में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद ने राजद उम्मीदवार शाहनवाज आलम के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर प्रहार किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि देश में दस साल से और बिहार में पंद्रह सालों से भाजपा की सरकार है। लेकिन वे मुद्दे की बात नहीं करते हैं। जबकि वह सिमराहा की धरती पर मुद्दे की बात करने आए हैं। आज देश का दुश्मन बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और गरीबी है। जिससे जनता जूझ रही है। उन्होंने कहा कि 17 महीने के कार्यकाल में उन्होंने लाखों नौकरियां दी। विकास मित्र, टोला सेवक, तालिमी मरकज, और शिक्षामित्र के मानदेय को दुगना करने का काम किया। जाति आधारित जनगणना के साथ-साथ आईटी पॉलिसी, स्पोर्ट्स पॉलिसी और टूरिज्म पॉलिसी डेवलप करने का काम किया। निवेशकों को बुलाकर बिहार में निवेश करवा रहे थे। और जब हम लोग यह काम कर रहे थे और नौकरी दे रहे थे तो भाजपा वालों ने उनके चाचाजी को हाईजैक कर लिया। लेकिन वह उनकी इज्जत करते हैं। चाचाजी बुजुर्ग और अभिभावक हैं। उन्होंने कहा कि 17 माह के कार्यकाल में उन्होंने पांच लाख युवाओं को रोजगार देने का काम किया। तीन लाख युवाओं के रोजगार की प्रक्रिया अंतिम रूप में थी और सरकारी नौकरी देने वाले थे। लेकिन ऐन वक्त पर भाजपा वालों ने मुख्यमंत्री को हाईजैक कर लिया और सरकार से बाहर कर दिया। उन्होंने कहा कि यदि केंद्र में उनकी सरकार बनी तो 15 अगस्त तक एक करोड़ युवाओं को रोजगार देने का काम करेंगे। गरीब बहनों को प्रत्येक साल एक लाख रुपए दिया जाएगा। मौके पर राजद उम्मीदवार शाहनवाज आलम, राजद जिलाध्यक्ष मनीष यादव, अविनाश आनंद, सुरेश पासवान, कमरुज्जमा समेत बड़ी संख्या में राजद और कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद थे। मौके पर तेजस्वी प्रसाद को फणीश्वरनाथ रेणु की तस्वीर भेंट की गई।

# झारखंड की सभी सीटों पर इंडी गठबंधन की होगी जीत : मुख्यमंत्री

**जमशेदपुर ( हिंस )।** जमशेदपुर लोकसभा सीट से झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती ने दो सेटों में शुक्रवार को नामांकन किया। नामांकन से पूर्व मोहंती ने आवास पर पूजा-अर्चना की। इस दौरान उनका पूरा परिवार उनके साथ रहा। उनके नामांकन में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक रामदास सोरेन और सुप्रियो भट्टाचार्य मौजूद थे। समीर मोहंती के नामांकन से बाद साकची स्थित बोधि मैदान में आयोजित सभा में चम्पाई सोरेन ने कहा कि देश में महागठबंधन की सरकार बनने जा रही है। इंडी गठबंधन मजबूत है और हम पूरी मजबूती से लोकसभा चुनाव में लड़ रहे हैं। देश में किसी की लहर नहीं चल रही है। प्रधानमंत्री मोदी के चाईबासा दौरे के सवाल पर उन्होंने कहा कि चुनावी माहौल है, कोई कहीं आ-जा सकता है। हमारे गठबंधन और प्रत्याशी पर कोई फर्क नहीं पढ़ने वाला है। भाजपा की सरकार जुमलेबाजी की सरकार है। इस बार महागठबंधन झारखंड की सभी 14 सीटों पर कब्जा जमा रही है। झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने समीर मोहंती के जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि देश जुमलों की सरकार



से त्रस्त हो चुका है। प्रधानमंत्री के पास आज कोई मुद्दा नहीं है, जिसे वे जनता के बीच रख सकें। अब वे चुनावी सभाओं में पाकिस्तान का जिक्र कर रहे हैं। दुनिया के सबसे बड़े बलात्कारी के साथ मंच साझा कर रहे हैं। भाजपा महिलाओं की सुरक्षा के मामले में पूरी तरह से विफल साबित रही है। भट्टाचार्य ने कहा कि जमशेदपुर की जनता इस बार मन बना चुकी है। समीर मोहंती को जीत से कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने कहा कि समीर के नामांकन में लाखों की संख्या में जुटे गांव से लेकर शहर तक की जनता इस बात का गवाह है कि जमशेदपुर में बदलाव होने जा रहा है। ईडी के रडार पर आने के सवाल पर सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बंगाली हूं, किसी से डरने वाला नहीं हूं। मैं हर तरह की जांच के लिए तैयार हूं।

## सोशल मीडिया में हथियार के साथ वायरल फोटो के मामले में युवक गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण ( हिंस )।** एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर चकिया डीएसपी के नेतृत्व में कल्याणपुर थाना पुलिस ने हथियार के साथ फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल होने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मठिया चौक निवासी वकील राम का पुत्र गौतम कुमार बताया जाता है। उसके पास से पुलिस ने एक देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, एक मोबाईल व वायरल फोटो की हार्ड कॉपी 6 पीस पुलिस ने बरामद किया है। चकिया डीएसपी सत्येंद्र कुमार सिंह ने पत्रकारों को बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कल्याणपुर पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान गुप्त सुचना मिली कि हथियार के साथ वायरल फोटो वाला युवक मठिया चौक पर है। पुलिस ने त्वरित करवाई करते हुए छापामारी कर उक्त युवक को गिरफ्तार कर लिया।

## अमेठी से राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी का हो चुका पलायन : भूपेंद्र सिंह

**जालौन ( हिंस )।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि पांच साल अमेठी से दूर रहने के कारण जनता उनसे सवाल न पूछ ले, इसीलिए राहुल गांधी ने जनता को भ्रमित करने के लिए रायबरेली से चुनाव लड़ना उचित समझा। लेकिन उन्हें इस चुनाव में भी जनता नकार देगी। मोदी के नेतृत्व में कराए गए विकास कामों के बदौलत पूरे प्रदेश में भाजपा बड़ी जीत हासिल करेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने यह बात जालौन के उरई में भाजपा प्रत्याशी भानु प्रताप सिंह वर्मा के नामांकन सभा को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश का बड़ा राजनैतिक संगठन है। उसने हमारे देश की सरकार का नेतृत्व किया है, लेकिन उत्तर प्रदेश से कांग्रेस पूरी तरह से पलायन कर चुकी है। पूरे पांच साल अमेठी से राहुल गांधी और सोनिया गांधी रायबरेली से नदारद रहीं। निश्चित रूप से उनके मन में यह भाव रहा है कि अमेठी से चुनाव लड़ने पर जनता उनसे सवाल न पूछ ले, इसीलिए राहुल गांधी रायबरेली के लोगों को भ्रमित करने का प्रयास करेंगे। लेकिन प्रदेश देश की जनता समझदार है और भाजपा पार्टी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अपने कार्यकर्ताओं की सक्रियता मेहनत और संपर्क के आधार पर हम अपना पूरे 10 वर्ष का लेखा-जोखा लेकर जनता के बीच में जा रहे हैं। राहुल द्वारा प्रधानमंत्री पर आरोप लगाते हुए कहा गया कि रेपिस्टों के लिए पीएम वोट मांग रहे हैं, जिस पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि मामला सब जुडिशियल हैऔर हमारे देश में न्यायपालिका स्वतंत्र है। हम सब लोगों को न्यायपालिका में विश्वास है। हम किसी भी अवैध काम करने वाले व्यक्ति के साथ नहीं है। कानून अपना काम करेगा, जिसने जो काम किया है उसे जरूर सजा मिलेगी।

## *सबका साथ सबका विकास* सिर्फ नारा नहीं है, मोदी इसे करके भी दिखाते हैं : मोहन यादव



**संभल ( हिंस )।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उत्तर प्रदेश के संभल जिले के असमोली में शुक्रवार को एक चुनावी रैली में कांग्रेस और सपा पर जमकर निशाना साधा। यादव ने कहा कि कांग्रेस और सपा सिर्फ अपने परिवार के लोगों का विकास करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कहते हैं वह करते हैं। सबका साथ सबका विकास यह सिर्फ नारा नहीं है, मोदी इसको करके भी दिखाते हैं। भाजपा ने छत्तीसगढ़ में जनजातीय, मध्य प्रदेश में ओबीसी और राजस्थान में ब्राह्मण वर्ग के कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री बनाया। मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि कांग्रेस व सपा के लोग मौका मिलने पर कोई भी पद हो घर से बाहर नहीं जाने देना चाहते। भाजपा में किसी भी कार्यकर्ता को किसी भी पद तक पहुंचाने की हिम्मत नरेंद्र मोदी रखते हैं। उज्जैन में जहां से हम चुनाव लड़ते हैं वहां पर यादव समाज की 500 भी आबादी नहीं है लेकिन एक यादव बंधु को उठाकर मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया। मुख्यमंत्री यादव ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अपने प्रत्याशी ही नहीं तय कर पा रही है। राहुल गांधी पिछली बार अमेठी से हार कर केरल तक भागे, अब वायनाड में हार की आशंका को देखते हुए रायबरेली भाग रहे हैं। यादव ने भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी को जिताने की अपील की। विपक्ष की परिवारवाद की राजनीति से परे प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा हर वर्ग के कार्यकर्ता को उसकी मेहनत का सुफल देकर *सबका साथ, सबका विकास* दृष्टिकोण को सार्थक करती है। आज उत्तर प्रदेश के असमोली में विराट जनसमूह का उत्साह प्रमाण है कि जनता-जनार्दन को भी विश्वास है कि भाजपा में ही हर वर्ग का विकास संभव है। मुख्यमंत्री यादव ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ संभल में कैला देवी धाम में पूजा-अर्चना की।

## गंगा किनारे गांव में जल संकट, नल जल के पाइप से नहीं आ रहा पानी



**भागलपुर ( हिंस )।** भीषण गर्मी के बीच भागलपुर के गंगा के तट पर बसे गांव में जल संकट गहराने लगा है। गंगा नदी से महज सौ मीटर की दूरी पर बसे मीराचक गांव में लोगों को बूंद बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। नल जल योजना के तहत पानी की पाइपलाइन तो जरूर बिछाई गई लेकिन उसमें पानी नदारद है। ऐसे में भीषण गर्मी में ग्रामीणों का जीना मुहाल हो गया है। कुछ जगहों पर पानी आता है तो उसी से दर्जनों परिवार अपना गुजर बसर करते हैं। दूसरे चरण में भागलपुर जिले में मतदान तो हो गया लेकिन लोगों की आशाएं अब भी पूरी नहीं हो पाई। जल संकट के बीच लोग स्थानीय जनप्रतिनिधि और बिहार सरकार को कोसते नजर आ रहे हैं।

## इंडी गठबंधन के प्रत्याशी प्रदीप जैन के पास पौने चार करोड़ की संपत्ति

**झांसी ( हिंस )।** लोकसभा चुनाव-2024 के पांचवें चरण का मतदान 20 मई को है। इसके लिए नामांकन का आज आखिरी दिन है। बीते रोज झांसी-ललितपुर संसदीय सीट से इंडी गठबंधन प्रत्याशी प्रदीप जैन आदित्य ने लाव लश्कर के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया। शपथ पत्र देते हुए उन्होंने अपनी व अपनी पत्नी की संपत्ति का भी विवरण दिया। उनके और उनकी पत्नी स्नेहलता जैन के पास पौने चार करोड़ रुपए की संपत्ति है। दोनों के पास 17 लाख रुपए नकद हैं, जबकि 41 लाख रुपए से अधिक के आभूषण हैं। नामांकन के समय दिए संपत्ति के ब्यौरे के अनुसार प्रदीप के पास 11.84 लाख और पत्नी के पास 5.52 लाख रुपए नकद हैं। प्रदीप के पास 6.5 लाख रुपए मूल्य के 130 ग्राम वजन के आभूषण हैं, जबकि पत्नी के पास 35 लाख रुपए मूल्य के 670 ग्राम वजन के आभूषण हैं।

## जीरों टॉलरेंस नीति पर अभियोजन स्वीकृति भारी

**जयपुर ( हिंस )।** केंद्र सरकार ही नहीं बल्कि राज्य सरकार भी कई बार दोहरा चुकी है कि वह भ्रष्टाचार और भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ *जीरो टॉलरेंस* की नीति अपना रही है। भ्रष्टाचार निरोधक कानून 1988 में संशोधन कर रिश्वत को अपराध श्रेणी में रखा गया है। यह भी व्यवस्था की गई है कि जिन अफसरों के खिलाफ चार्जशीट दायर हो चुकी हो, उनके मामले में कोर्ट का फैसला आने से पहले विभाग कार्रवाई कर सकता है, लेकिन वास्तविकता इससे परे है। प्रदेश में 1 जनवरी 2018 से 2022 तक पांच साल में 300 प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए फाइल भेजी गई। इन 300 प्रकरणों से संबंधित विभागों ने मात्र 17 में ही भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को कार्रवाई करने का जवाब भेजा है। ऐसे में सरकार की भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टोलरेंस की नीति पर प्रश्नचिन्ह लगता है।

# विश्व हिंदू परिषद ने रामायण संस्कार परीक्षा के विजेताओं को दिए स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र



**मुरादाबाद ( हिंस )।** विश्व हिंदू परिषद मुरादाबाद महानगर द्वारा लाइनपार स्थित एसडीएम इंटर कालेज में आयोजित रामायण संस्कार परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को शुक्रवार को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विहिप के महानगर धर्मप्रसार प्रमुख कुशल शर्मा ने बताया कि यह परीक्षा दिसंबर 2023 में विश्व हिंदू परिषद द्वारा महानगर के पांच इंटर कॉलेज में संपन्न हुई थी। इसी क्रम में आज विहिप के पदाधिकारियों ने एस डी एम इंटर कालेज में पहुंचकर परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले परीक्षार्थियों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। परीक्षा में प्रथम स्थान ट्विंकल चौहान, द्वितीय स्थान तनिष्क कठेरिया एवम तृतीय स्थान सौम्या वर्मा ने प्राप्त किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए विहिप के प्रांत सह संपर्क प्रमुख प्रणीत गुप्ता ने कहा कि श्री रामायण संस्कार परीक्षा विहिप और बजरंग दल का एक अनुपम आयोजन है जो बाल मन में संस्कार रूपी बीज का रोपण करेगी जिसका सुपरिणाम भविष्य में अवश्य ही देखने को मिलेगा। इससे बच्चे श्री राम के आदर्शों पर आगे बढ़ने की प्रेरणा ग्रहण करेंगे। मानव जीवन की ऐसी कोई स्थिति या समस्या नहीं है जिसका समाधान रामचरित मानस में न हो। इस अवसर पर विहिप के महानगर धर्मप्रसार प्रमुख कुशल शर्मा, बजरंग दल के विद्यार्थी प्रमुख शुभम देशभक्त, प्रधानाचार्य उदयराज सिंह व कालेज के अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

## आकाशवाणी कॉलोनी में बेजुबान पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए लगाए गए जलपात्र



**उदयपुर ( हिंस )।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा शुक्रवार को हिरण मगरी सेक्टर पांच स्थित आकाशवाणी आवासीय कॉलोनी परिसर में भीषण गर्मी में प्यास से व्याकुल बेजुबान पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए कई जगह (परिंडे) जलपात्र टांगे गए। केंद्रीय संचार ब्यूरो के सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा ने कहा कि इन दिनों भयंकर गर्मी पड़ रही है, और इस गर्मी में अगर सबसे बड़ी चुनौती है तो पक्षियों को गर्मी के मौसम में पीने के पानी की होती है। उन्होंने कहा कि बदलते पर्यावरण के बीच पक्षियों के लिए यह दौर चिंताजनक हो गया है। मीणा ने कहा कि गांवों में तो हालत फिर भी ठीक है पर शहरों में तो इन मासूमों को पीने को पानी ही नसीब नहीं हो रहा है और इसकी जिम्मेदारी किसी सरकार की नहीं हमारी खुद की है। पेड़-पौधे, नदी-पर्वत की तरह पशु-पक्षी भी पर्यावरण के अभिन्न अंग हैं। उन्होंने बेजुबान पक्षियों की रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है कि कम से कम अपने घरों के आसपास लगे पेड़ पौधों पर मिट्टी के पात्र (परिंडे) टांगकर उसमें रोजाना पानी की व्यवस्था करने की अपील की। इस अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो के अजय गुलाटी, राकेश मीना, स्थानीय निवासी विशाखा मीना, हिमांशु पालीवाल, अकाशवाणी के गोपाल पालीवाल मौजूद रहे।




# भारत उम्रदराज आबादी को स्वास्थ्य बीमा मुहैया कराने में एशिया-प्रशांत में सबसे पीछे; रिपोर्ट में दावा

त्बिलिसी।

भारत बुजुर्गों को स्वास्थ्य बीमा मुहैया कराने के मामले में एशिया-प्रशांत देशों में सबसे पीछे है। भारत को अपनी आर्थिक वृद्धि दर कायम रखने और तेजी से बढ़ती आबादी की जरूरतें पूरी करने के लिए सबको स्वास्थ्य बीमा के दायरे में लाने की जरूरत है।

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट 'एजिंग वेल इन एशिया' में कहा, यूनिवर्सल स्वास्थ्य कवरेज हासिल करने में भारत समेत कई देश पीछे हैं। इन देशों में बुजुर्गों के बीच स्वास्थ्य बीमा की पहुंच सबसे कम 21 फीसदी है। हालांकि, दक्षिण कोरिया और थाईलैंड ने यूनिवर्सल स्वास्थ्य कवरेज हासिल कर लिया है।

एडीबी की वरिष्ठ अर्थशास्त्री एइको किकावा ने कहा, स्वास्थ्य बीमा का दायरा बढ़ाने से स्थिति सुधरेगी और 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोग अर्थव्यवस्था के लिए अधिक उत्पादक बन पाएंगे। साथ ही, भारत जैसे देशों को बुजुर्गों की मौजूदगी से मिलने वाला लाभांश अधिक हो सकता है। उन्होंने कहा, बुजुर्गों की शारीरिक व कार्यात्मक क्षमता बढ़ाने वाली जरूरी सेवाओं और गतिविधियों का विस्तार भी अहम है।

**आयुष्मान भारत योजना की सराहना**

एडीबी की वरिष्ठ अर्थशास्त्री एइको किकावा ने कहा कि भारत ने अपनी गरीब आबादी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए कई उपाय किए हैं। गरीबों को कैशलेस स्वास्थ्य बीमा देने वाली आयुष्मान भारत जैसी योजनाएं आने से बुजुर्गों का स्वास्थ्य कवरेज बेहतर हुआ है।

**जीडीपी में योगदान बढ़ा सकते हैं बुजुर्ग**

रिपोर्ट के मुताबिक, विकासशील एशिया-प्रशांत देशों में 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की संख्या 2050 तक करीब दोगुनी होकर 1.2 अरब पहुंच जाएगी। यह कुल आबादी का करीब एक चौथाई होगा। ऐसी स्थिति में पेंशन और कल्याण कार्यक्रमों के अलावा स्वास्थ्य बीमा की जरूरत भी बढ़ जाएगी।

एडीबी के मुख्य अर्थशास्त्री अल्बर्ट पार्क ने कहा, इन अर्थव्यवस्थाओं के पास बुजुर्गों से अतिरिक्त उत्पादकता के रूप में लाभांश हासिल करने का मौका होगा। इससे एशिया-प्रशात क्षेत्र की जीडीपी औसतन 0.9 फीसदी बढ़ सकती है।

**भारत में...6.4 साल तक बढ़ सकती है जीवन प्रत्याशा**

भारत में बुजुर्ग महिलाओं की जीवन प्रत्याशा सबसे अधिक 6.4 साल बढ़ने की उम्मीद है। कजाखस्तान, जॉर्जिया और हांगकांग में यह वृद्धि 4.6 साल होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### गो फर्स्ट के विमानों को इंजन और स्पेयर पार्ट्स की जरूरत, देश से बाहर उड़ान भरने में लगेगा लंबा समय



नई दिल्ली। गो फर्स्ट के जिन 54 विमानों का पंजीकरण रद्द किया गया है, उन्हें देश से बाहर उड़ाने में लेसर्स (लीज पर लेने वाली कंपनियां) को अधिक समय लग सकता है। इसकी वजह यह है कि विमानन कंपनी के अधिकतर विमानों को इंजन और स्पेयर पार्ट्स की आवश्यकता है। 2023 में बंद किया था परिचालन बता दें कि गो फर्स्ट एयरलाइन ने 2 मई 2023 को परिचालन बंद कर दिया था और इस वजह से कंपनी जमीन पर आ गई थी। बताया गया है कि जिस दौरान एयरलाइन ने परिचालन बंद किया था, उस समय 24 विमान उड़ान भरने की स्थिति में थे। इसके अलावा 30 विमान बिना इंजन और स्पेयर पार्ट्स के हैं। दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के बाद नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने गो फर्स्ट के 54 विमानों का रजिस्ट्रेशन कैंसिल कर दिया था। इस तरह से लेसर्स को लीज पर लिए गए विमानों को वापस लेने की अनुमति मिल गई थी। कंपनी का फिर से उभरना मुश्किल सूत्रों का कहना है कि विमानन कंपनी का फिर से उभरना मुश्किल लगता है क्योंकि विमानों का पंजीकरण रद्द होने के बाद कंपनी के पास ज्यादा संसाधन नहीं बचे हैं। सूत्रों ने यह भी कहा कि इन 54 विमानों को देश से बाहर उड़ाने में लेसर्स को समय लग सकता है क्योंकि 30 विमानों के इंजन बदलने की आवश्यकता है। इसके अलावा उड़ान के लिए विमानों को कई तरह की स्वीकृतियां लेन होंगी क्योंकि वे बीते एक वर्ष से जमीन पर ही खड़े हैं। 30 विमानों को इंजन, स्पेयर पार्ट्स की जरूरत हवाई जहाजों को लीज पर देने वाली कंपनी विमान के सीईओ विशोक मानसिंह का कहना है कि जब गो फर्स्ट एयरलाइन ने परिचालन बंद किया तो लगभग 24 विमान उड़ान भरने की स्थिति में थे। जुलाई 2023 के बाद से विमानों के रख-रखाव का काम भी नहीं किया गया।

### हम भारत में एपल के प्रदर्शन से बहुत खुश, बोले एपल सीईओ टिम कुक

नई दिल्ली। एपल के सीईओ टिम कुक ने भारत में कंपनी के प्रदर्शन पर खुशी जाहिर की है। कंपनी ने



मार्च 2024 को समाप्त तिमाही में भारत में राजस्व का रिकॉर्ड बनाया है। हालांकि इस दौरान एपल के ओवरऑल कुल राजस्व में 4 प्रतिशत की गिरावट आई है। आईफोन की बिक्री भी 10 प्रतिशत घटी है। टिम कुक ने कहा, हम भारत में दोहरे अंकों में मजबूत हुए और इसलिए हम इससे बहुत खुश हैं। यह हमारे लिए मार्च तिमाही के राजस्व का नया रिकॉर्ड है। जैसा कि मैंने पहले कहा है, मैं भारत को अविश्वसनीय रूप से रोमांचक बाजार के रूप में देखता हूं और यह हमारे लिए एक प्रमुख फोकस का क्षेत्र है। एपल के मुख्य वित्तीय अधिकारी लुका माएस्ट्री ने कहा, हम उभरते बाजारों में अपनी मजबूत गति से विशेष रूप से खुश हैं। हमने लैटिन अमेरिका, मध्य पूर्व, भारत, इंडोनेशिया, फिलीपींस और तुर्की सहित कई देशों और क्षेत्रों में पहली छमाही में राजस्व का रिकॉर्ड बनाया है। लुका माएस्ट्री ने कहा, हम खुश हैं क्योंकि ये ऐसे बाजार हैं जहां हमारी बाजार हिस्सेदारी कम है, आबादी बड़ी है और बढ़ रही है, और हमारे उत्पाद वास्तव में उन बाजारों में बहुत प्रगति कर रहे हैं। ब्रांड के लिए उत्साह का स्तर बहुत अधिक है।

### सोने और चांदी के भाव में गिरावट, सोना 70,600, चांदी लगभग 81,300 रुपए

नई दिल्ली। सोने और चांदी के वायदा कारोबार में नरमी देखने को मिल रही है। दोनों के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 70,600 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 81,300 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। वैश्विक बाजार में सोने और चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। सोने के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रेक्ट 58 रुपये की गिरावट के साथ 70,678 रुपये के भाव पर खुलने के बाद 111 रुपये की गिरावट के साथ 70,625 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरूआत गिरावट के साथ हुई। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रेक्ट 38 रुपये की गिरावट के साथ 81,325 रुपये के भाव पर खुलने के बाद 63 रुपये की गिरावट के साथ 81,300 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में सोने और चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 2,313.50 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,309.60 डॉलर था। फिलहाल यह 1 डॉलर की तेजी के साथ 2,310.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 26.94 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 26.82 डॉलर था। फिलहाल यह 0.05 डॉलर की तेजी के साथ 26.88 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# ईडी ने जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल की अंतरिम जमानत का किया विरोध, अब छह मई को सुनवाई

**नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन के एक मामले में जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल की ओर से मांगी गई अंतरिम चिकित्सा जमानत का विरोध किया। हालांकि, एजेंसी ने कहा कि निजी अस्पताल में उनके रहने की अवधि एक महीने के लिए बढ़ाई जा सकती है।**



गोयल ने चिकित्सा और मानवीय आधार पर अंतरिम जमानत मांगी है, जिसमें कहा गया है कि वह और उनकी पत्नी अनीता गोयल दोनों कैंसर से पीड़ित हैं। न्यायमूर्ति एन जे जमादार की एकल पीठ ने कहा कि वह छह मई को आदेश पारित करेगी।

एक विशेष अदालत ने फरवरी में गोयल को जमानत देने से इनकार कर दिया था, लेकिन उन्हें अपनी पसंद के निजी अस्पताल में भर्ती होने और चिकित्सा उपचार की अनुमति दे दी थी। गोयल ने पिछले सप्ताह उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर गुण-दोष के आधार पर अंतरिम जमानत और चिकित्सा आधार पर रिहाई का अनुरोध किया था।

गोयल के वकील हरीश साल्वे ने अदालत से मामले की मानवीय आधार पर सुनवाई करने का अनुरोध किया, वहीं ईडी के वकील हितेन वेनेगांवकर ने जमानत का पुरजोर विरोध किया और कहा कि जांच एजेंसी को कोई समस्या नहीं है यदि उनके अस्पताल में भर्ती रहने की अवधि बढ़ाई जाए।

आदेश के लिए मामले को बंद करने से पहले, न्यायमूर्ति जमादार ने टिप्पणी की कि बंदिशों के बिना उपचार लेने से फर्क पड़ेगा। उन्होंने कहा, जब किसी व्यक्ति को बिना किसी रोक-टोक के चिकित्सा उपचार मिलता है तो उससे फर्क पड़ता है। इस पर वेनेगांवकर ने कहा कि अब भी कोई अंकुश नहीं है। उनका इलाज उनकी पसंद के अस्पताल में और उनकी पसंद के डॉक्टरों द्वारा किया जा रहा है।

उनकी पत्नी भी उसी अस्पताल में हैं और उनसे मिलने तथा साथ समय बिताने पर कोई रोक नहीं है। वेनेगांवकर ने कहा कि अदालत उन्हें चार सप्ताह के लिए अस्पताल में भर्ती कर सकती है और फिर उनकी स्थिति के आकलन के लिए एक नई मेडिकल रिपोर्ट मंगवा सकती है।

साल्वे ने तर्क दिया कि बिगड़ते शारीरिक स्वास्थ्य के अलावा गोयल का मानसिक स्वास्थ्य भी अच्छा नहीं है। उन्होंने कहा, उनका मानसिक स्वास्थ्य भी चिंता का विषय है। मानसिक रूप से दुर्बल होना शारीरिक दुर्बलता से भी बदतर है। वरिष्ठ वकील ने कहा कि वित्तीय अपराध के लिए गिरफ्तार व्यक्तियों को जमानत देने के मामले में धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 45 सख्त है।

उन्होंने कहा, लेकिन इस धारा के तहत एक प्रावधान है जो कहता है कि अधिक उम्र या दुर्बलता के मामले में जमानत पर विचार किया जा सकता है। यह प्रावधान इस धारा को अधिक मानवीय बनाता है। उन्होंने कहा कि अदालत गोयल को अंतरिम जमानत दे सकती है और उन पर कड़ी शर्तें लगा सकती है।

ईडी ने सितंबर 2023 में गोयल को इस आरोप में गिरफ्तार किया था कि उन्होंने केनरा बैंक द्वारा जेट एयरवेज को दिए गए 538.62 करोड़ रुपए ऋण की राशि में हेराफेरी की। उनकी पत्नी अनीता गोयल को नवंबर 2023 में गिरफ्तार किया गया था जब ईडी ने मामले में अपनी चार्जशीट दाखिल की थी। उनकी उम्र और स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए विशेष अदालत ने उसी दिन उन्हें जमानत दे दी थी।

### चावल-मसालों और डेयरी सहित अन्य उत्पादों की भी होगी जांच;फलों-सब्जियों और मछलियों के भी लिए जाएंगे सैंपल

नई दिल्ली। एमडीएच और एवरेस्ट मसालों के मामले सामने आने के बाद खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने घरेलू बाजार में बेचे जाने वाले फोर्टिफाइड चावल, डेयरी उत्पादों व मसालों जैसे अन्य खाद्य पदार्थों की जांच शुरू करने की योजना बनाई है। फल व सब्जियों, मछली उत्पादों में साल्मोनेला जैसे खाद्य पदार्थों की भी निगरानी की जा सकती है। सूत्रों के मुताबिक, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) मसाला, जड़ी-बूटियां, दूध और दूध से बने उत्पादों को भी जांच के दायरे में लाएगा। सिंगापुर और हांगकांग की गुणवत्ता संबंधी चिंताओं को देखते हुए एफएसएसएआई पहले से ही एमडीएच और एवरेस्ट सहित सभी ब्रांडों के मसालों के नमूने ले रहा है। सभी मसालों के नमूने इसलिए लिए जा रहे हैं, ताकि यह जांचा जा सके कि वे एफएसएसएआई मानदंडों को पूरा करते हैं या नहीं। पिछले हफ्ते एफएसएसएआई ने कहा था कि वह नेस्ले के सेरेलैक के नमूने एकत्र करने की प्रक्रिया में है। दावा है कि कंपनी उत्पाद में ज्यादा चीनी का उपयोग कर रही है। अब ज्यादा लिए जा रहे हैं सैंपल पिछले कुछ वर्षों में विश्लेषण किए गए नमूनों की संख्या 2020-21 में 1,07,829 से बढ़कर 2023-24 में 4,51,000 से अधिक हो गई है। इस आधार पर तीन गुना ज्यादा नमून लिए गए हैं। 2020-21 में 1,07,829 नमूने लिए गए।

# आरबीआई से मिली राहत के बाद चढ़ गए बजाज फाइनेंस के शेयर निवेशक धड़ाधड़ खरीद रहे हैं स्टॉक

BAJAJ FINANCE LIMITED

नई दिल्ली।

कारोबारी सत्र में बजाज फाइनेंस के शेयर में तेजी देखने को मिल रही है। कंपनी के स्टॉक 6 फीसदी से ज्यादा चढ़कर 7,349.20 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गया था। खबर लिखते वक्त बजाज फाइनेंस के शेयर 4.91 फीसदी की उछाल के साथ 7,220.65 रुपये प्रति शेयर पर कारोबार कर रहा था। शेयर में आई तेजी के बाद बजाज फाइनेंस का एम-कैप 445,689 करोड़ रुपये हो गया। क्यों आई शेयर में तेजी नवबंर 2023 में आरबीआई ने बजाज फाइनेंस के ईकॉम और इंस्टा ईएमआई कार्ड के जरिये लोन की मंजूरी पर पाबंदी लगा दी थी। केंद्रीय बैंक ने डिजिटल लोन के प्रावधानों का पालन न करने की वजह से यह कदम उठाया था। आरबीआई के इस फैसले से चौथी तिमाही में बजाज फाइनेंस के मुनाफे में 4 फीसदी की गिरावट आई। इसके अलावा कंपनी के शेयर भी 5 फीसदी तक फिसल गए। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा आरबीआई द्वारा बजाज फाइनेंस के कुछ उत्पादों पर प्रतिबंध हटाना स्टॉक के लिए बेहद सकारात्मक है। कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंजों को एक फाइलिंग में कहा कि मेहता इक्विटीज लिमिटेड के सीनियर वीपी (रिसर्च) प्रशांत तापसे ने कहा कि बजाज फाइनेंस के ईकॉम पर प्रतिबंध हटाने से बाजार की धारणा में तेजी आई है।

### अदाणी समूह की कंपनियों को सेबी से मिला कारण बताओ नोटिस, कंपनी ने शेयर बाजारों को दी जानकारी

नई दिल्ली। अदाणी समूह की छह कंपनियों को सेबी ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह नोटिस इन कंपनियों को रिलेटेड पार्टी ट्रांजेक्शन में कथित उल्लंघन और लिस्टिंग के नियमों में उल्लंघन के कारण जारी किया गया है। यह जानकारी समूह ने खुद स्टॉक एक्सचेंजों को नियामकीय सूचना में दी है। अदाणी एंटरप्राइजेज ने 31 मार्च को समाप्त तिमाही के दौरान दो कारण बताओ नोटिस मिलने के बारे में बताया है। दूसरी ओर, समूह की अन्य कंपनियों अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन, अदाणी पावर, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस, अदाणी विल्मार और अदाणी टोटल गैस ने भी सेबी की ओर से हालिया पूछताछ के बारे में स्टॉक एक्सचेंजों को बताया। हालांकि कंपनियों ने कहा है कि कानूनी सलाह के अनुसार सेबी की इस नोटिस से उनके कारोबार पर बहुत मामूली असर पड़ सकता है।

# एनपीसीआई ने यूपीआई जैसी भुगतान प्रणाली विकसित करने के लिए बैंक ऑफ नामीबिया के साथ किया समझौता, बयान जारी



नई दिल्ली।

एनपीसीआई की विदेशी शाखा ने नामीबिया के लिए यूपीआई जैसी त्वरित भुगतान प्रणाली विकसित करने के वास्ते बैंक ऑफ नामीबिया (बीओएन) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। भारत की यूपीआई प्रौद्योगिकी और अनुभवों का लाभ उठाकर साझेदारी का उद्देश्य नामीबिया को अपने वित्तीय परिवेश तंत्र को आधुनिक बनाने में मदद करना है। इसमें घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय भुगतान तंत्र के साथ पहुंच, सामर्थ्य व संपर्क और अंतर-संचालन में सुधार करना शामिल है। बयान में कहा गया, एनपीसीआई इंटरनेश नल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) ने नामीबिया के लिए यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) जैसी त्वरित भुगतान प्रणाली विकसित करने में सहायता के लिए बैंक ऑफ नामीबिया (बीओएन) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। एनपीसीआई इंटरनेशनल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रितेश शुक्ला ने कहा, ''इस प्रौद्योगिकी को सक्षम करने से देश को डिजिटल भुगतान परिदृश्य में संप्रभुता प्राप्त होगी। बेहतर भुगतान अंतर-संचालन व वंचित आबादी के लिए बेहतर वित्तीय पहुंच से लाभ होगा। बैंक ऑफ नामीबिया के गवर्नर जोहान्स गवाक्सैब ने कहा, ''हमारा मकसद वंचित आबादी के लिए पहुंच और सामर्थ्य को बढ़ाना। 2025 तक भुगतान साधनों की पूर्ण अंतर-संचालनीयता हासिल करना, वित्तीय क्षेत्र का आधुनिकीकरण करना और एक सुरक्षित व कुशल राष्ट्रीय भुगतान प्रणाली सुनिश्चित करना है।

# सस्ते कर्ज के लिए अक्तूबर तक करना होगा इंतजार तीसरी तिमाही तक रेपो दर में कटौती की उम्मीद

नई दिल्ली।




सस्ता कर्ज पाने के लिए लोगों को अक्तूबर तक इंतजार करना पड़ सकता है। महंगाई के जोखिम और अमेरिकी केंद्रीय बैंक के दरों में कोई बदलाव नहीं करने के कारण आरबीआई तीसरी तिमाही तक रेपो दर में कटौती का फैसला टाल सकता है। अर्थशास्त्रियों का पहले मानना था कि जून की बैठक में आरबीआई दरों में कटौती कर सकता है। अब महंगाई के जोखिम को देखते हुए यह फैसला अक्तूबर से दिसंबर के बीच हो सकता है।

अर्थशास्त्रियों का कहना है कि इस पूरे साल में रेपो दर में 0.50 फीसदी की कटौती की उम्मीद है।फिलहाल रेपो दर 6.5 फीसदी पर बनी हुई है। आरबीआई ने सात बार से दरों को यथावत रखा है। महंगाई आरबीआई के दायरे से अब भी ऊपर है।

**गर्मी बढ़ा सकती है आरबीआईकी चिंता**

अर्थशास्त्रियों ने दिसंबर तक के लिए अपने तिमाही महंगाई पूर्वानुमान को थोड़ा कम कर दिया है। आरबीएल बैंक की अर्थशास्त्री अचला जेठमलानी ने कहा, भारत की विकास दर अच्छी है। महंगाई नियंत्रण में है। लेकिन, गर्मी में खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ीं तो महंगाई आरबीआई की चिंता बढ़ा सकती है। इसके साथही, वैश्विक विकास पर नजर रखना महत्वपूर्ण है। अमेरिका समेत दुनियाभर के केंद्रीय बैंक ब्याज दर के मामले में जिस तरह के फैसले लेंगे, आरबीआई भी उसी आधार पर रणनीति बनाएगा।

**कई देश ब्याज दर घटाने में कर सकते हैं विलंब**

मॉर्गन स्टेनली का कहना कि एशिया के अधिकांश केंद्रीय बैंक दरों में कटौती में देरी करेंगे। भारत में भी इस साल कटौती की उम्मीद नहीं है। डीबीएस ग्रुप होल्डिंग्स की अर्थशास्त्री राधिका राव ने कहा, भारत दर में कटौती को अप्रैल, 2025 में शुरू होने वाले वित्त वर्ष तक टाल सकता है।

अमेरिकी केंद्रीय बैंक भी इस साल के अंत तक कटौती कर सकता है या टाल भी सकता है। भारत जैसे उभरते बाजारों में केंद्रीय बैंक दरों में कटौती कर अपनी मुद्राओं को और कमजोर करने से सावधान रहेंगे।

# तनिष्क की पेशकश ग्लैमडेज; रोजाना पहनने के आधुनिक आभूषणों की रेंज

नई दिल्ली।

अक्षय तृतीया का पवित्र पर्व नज़दीक आ रहा है। इस अवसर पर भारत का सबसे बड़ा ज्वेलरी रिटेल ब्रांड और टाटा समूह का हिस्सा, तनिष्क ने प्रस्तुत की है रोजाना पहनने के आधुनिक आभूषणों की शानदार और बहु उपयोगी रेंज- ग्लैमडेज़, जिसे दुनिया भर के डिजाइंस से प्रेरित होकर बनाया गया है। शान और आधुनिक फैशन की खूबसूरती को साथ मिलाकर बनाए गए ग्लैमडेज के आभूषण आपकी रोजाना स्टाइल को और भी बढ़ाएंगे और हर महिला के वार्डरोब में एक बहुमूल्य एडिशन बनेंगे। इसमें 10000 से ज्यादा अनोखे डिजाइंस को शामिल किया गया है।



वैश्विक स्तर के कई अलग-अलग डिजाइंस से प्रेरित होकर बनाए गए ग्लैमडेज में हर दिन की सुंदरता को रोजाना पहनने के स्टाइलिश फिर भी बहु उपयोगी आभूषणों के साथ परिभाषित किया गया है। हर दिन सुबह से लेकर रात तक आप इन आभूषणों को बहुत ही आसानी से पहन सकती हो। नाजुक खूबसूरती को दर्शाते हुए फ्लोरल पेंडंट, बोल्ड फिर भी रिफाइंड गोल्ड हूप्स, हर दौर में सभी की पसंद इन्फिनिटी रिंग्स या खूबसूरत गोल्ड ब्रेसलेट हो, ग्लैमडेज में सोने और हीरों से बने रोज़ाना पहनने के आभूषणों की आधुनिक रेंज शामिल है।

दिन भर के सोफिस्टिकेशन को शाम के ग्लैमर में बहुत ही आसानी से बदलने का जादू इन आभूषणों में है। हर दिन एक नया, खूबसूरत लूक बनाया जा सकें इसके लिए कई अलग-अलग स्टाइल्स को इसमें शामिल किया गया है। अपने उपभोक्ताओं की खुशियों को और भी सुनहरा करने के लिए तनिष्क ने सोने के आभूषणों के मेकिंग चार्जेस और डायमंड ज्वेलरी के मूल्य पर 20 प्रतिशत* तक की छूट दी है।

साथ ही तनिष्क में गोल्ड एक्सचेंज प्रोग्राम का भी लाभ उठाया जा सकता है, जिसमें भारत के किसी भी ज्वेलर से खरीदे हुए पुराने सोने पर 100 प्रतिशत* एक्सचेंज मूल्य दिया जाता है। सोने की कीमतों में भारी वृद्धि हो रही है, अपने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए तनिष्क ने गोल्ड रेट प्रोटेक्शन* प्रस्तुत किया है, जिसमें उपभोक्ता एडवांस में बुक करके, सोने की कीमतों में हो रही वृद्धि से बच सकते हैं। इन ऑफर्स का लाभ सिर्फ सीमित अवधि* तक ही उठाया जा सकता है। इस रेंज का हर एक आभूषण आज की महिलाओं की भागदौड़ से भरी, व्यस्त जीवनशैली के अनुरूप बहुत ही सोच-समझकर डिज़ाइन किया गया है। आभूषणों की इस विशाल रेन्ज को 18 और 22 कैरेट सोने में बनाया गया है।

दुनिया भर के डिजाइन्स से ली गयी प्रेरणा और अनोखे टेक्निक्स का इस्तेमाल करके बनाए गए ग्लैमडेज़ के आभूषण रोज़ाना के लूक के लिए बेहतरीन और बहु उपयोगी साथी बनेंगे। पॉलिश्ड प्रोफेशनल लूक, परिवार के साथ डिनर या घर पर ही बितायी जाने वाली छुट्टी हो, आप इन आभूषणों के साथ अपना रोज़ाना स्टाइल बहुत ही आसानी से बना सकती हैं। आपके आभूषण आपकी स्वयं-अभिव्यक्ति का जरिया बन सकें और उनसे आपका आत्मविश्वास बढ़ सकें यह तनिष्क की प्रतिबद्धता ग्लैमडेज में सुस्पष्ट रूप से दिखती है। नेकलेस, इयररिंग्स, ब्रेसलेट्स, रिंग्स ऐसे कई तरह के आभूषण ग्लैमडेज़ में शामिल किए गए हैं, इनके साथ आप अपना पर्सनलाइज्ड लूक बना सकती हैं जो आपकी अपनी पसंद और रोजाना की स्टाइलिंग के अनुरूप होगा।

अपनी रोज़ाना स्टाइल के अनुरूप करने के लिए बेहतरीन एक्सेसरीज चुनें। सभी तनिष्क स्टोर्स और वेबसाइट पर ग्लैमडेज उपलब्ध है और रेन्ज की कीमतें 15000 रुपयों से शुरू होती हैं।



# मेदवेदेव के रिटायर होने से लेहेका सेमीफाइनल में

**मैड्रिड।**
दानिल मेदवेदेव के एक सेट (4-6) से पिछड़ने के बाद चोट के कारण नाम वापस लेने से जिरी लेहेका ने मैड्रिड ओपन में अपने पहले एटीपी मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल में जगह बनाई। दुनिया के 31वें नंबर के चेक खिलाड़ी ने पूरे राउंड में आश्चर्यजनक प्रदर्शन करते हुए अब मास्टर्स 1000 इवेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ परिणाम और दौरे पर अपना छठा सेमीफ़ाइनल हासिल किया। दाहिने कशेरुका की समस्या के कारण मोंटे-कार्लो और बार्सिलोना से हटने के बाद लेहेका क्ले स्विंग का अपना पहला टूर्नामेंट खेल रहे थे। पहला सेट बिजली की गति से आगे बढ़ रहा था, पहले 15 मिनट में केवल 5 गेम पूरे हुए और रिटर्न पर केवल तीन अंक जीते। हालाँकि, सर्विस की लड़ाई जल्द ही मेडिकल टाइम-आउट से बाधित हो गई, जिसका अनुरोध मेदवेदेव ने तब किया जब वह 3-2 से आगे थे। लॉकर रूम से लौटने के बाद, मेदवेदेव असहज दिखे और उन्होंने लेहेका को रोकने की कोशिश की, लेकिन किसी तरह गेम को 40-30 तक ले जाने में सफल रहे। हालाँकि, दर्द स्पष्ट रूप से दूर नहीं हो रहा था और उनकी अपनी सर्विस पर दो अप्रत्याशित त्रुटियों (एक फोरहैंड पर और दूसरी बैकहैंड पर) ने उनके प्रतिद्वंद्वी को दो ब्रेक प्वाइंट दिए। मैड्रिड ओपन की रिपोर्ट के अनुसार, जिरी ने अपने अवसर का लाभ उठाया। मेदवेदेव की दोहरी गलती के बाद, मैच सर्विस के साथ चला गया जब तक कि दुनिया का नंबर 4 गेम नौ में एक और चोट से बचने में असमर्थ नहीं हो गया, जिससे वह कभी उबर नहीं सका।

## विराट का अनुभव टी20 विश्वकप के लिए अहम रहेगा : अगरकर

**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर ने विराट कोहली की प्रशंसा करते हुए कहा है उनका अनुभव बहुमूल्य है और वह टी20 विश्व कप में हमारे लिए बेहद अहम हैं। अगरकर ने कहा कि इसी कारण हम आईपीएल में उनके स्ट्राइक रेट को लेकर विचार नहीं कर रहे क्योंकि हम जाने हैं कि वह शीर्ष स्तर के खिलाड़ी हैं। विराट ने अब तक 10 पारियों में एक शतक और चार अर्धशतकों के साथ 500 रन बनाए हैं पर उनके 147 से कुछ अधिक का उनका स्ट्राइक रेट को कम बताया जा रहा है। वहीं अन्य बल्लेबाजों ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड का स्ट्राइक रेट 194 से अधिक हैं। इसके अलावा फिल सॉल्ट 180 से अधिक और सुनील नारायण 182 से अधिक हैं। अगरकर ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि हम इस पर चर्चा कर रहे हैं। वह आईपीएल में शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं इसलिए कोई चिंता की बात नहीं है।' विराट का अनुभव बहुमूल्य है पर अगरकर का मानना है कि अगर बड़े स्कोर वाले मैच होते हैं तो बल्लेबाजी क्रम में पर्याप्त पावर हिटर हैं। अगरकर ने कहा कि आईपीएल और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अंतर है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अनुभव बहुत अहम होता है। अगरकर का सीधा कहना है कि विश्वकप कप का दबाव अलग होता है। इसलिए वह कोहली के स्ट्राइक रेट को लेकर चिंतित नहीं हैं। विराट कोहली के नाम टी20 वर्ल्ड कप में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड है।

## न्यूज ब्रीफ

### हममें से किसी ने अपना विकेट जानबूझकर नहीं गंवायाः रियान पराग



**हैदराबाद।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) से एक रन से हार का सामना करने के बाद, इन-फॉर्म बल्लेबाज रियान पराग ने इस बात से इनकार किया कि कुछ बल्लेबाजों ने, जिनमें वह भी शामिल हैं, निर्णायक मोड़ पर अपने विकेट जानबूझकर गंवाए। शुरुआती ओवर में जोस बटलर और संजू सैमसन को खोने के बाद, पराग और यशस्वी जायसवाल ने जवाबी हमले में तीसरे विकेट के लिए 134 रन जोड़े और एक प्रभावशाली जीत की ओर अग्रसर थे। लेकिन जायसवाल 40 गेंदों में 67 रन बनाकर आउट हुए, जबकि पराग 49 गेंदों में 77 रन बनाकर आउट हुए और वहां से आरआर को इस सीजन की दूसरी हार झेलने के लिए मजबूर होना पड़ा। पराग ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मुझे नहीं लगता कि हममें से किसी ने भी अपना विकेट फेंका है। जायसवाल ने उस स्कूप की कोशिश की क्योंकि नटराजन अच्छी धीमी बाउंसर फेंक रहे थे इसलिए उन्होंने अगली गेंद यॉर्कर समझकर यह शॉट खेला। मैंने भी सिक्स लगाने की कोशिश की और गेंद मिस हुई लेकिन मुझे नहीं लगता कि हमने अपने विकेट फेंके, अंत तक टिके रहना अच्छा होता। हम दोनों की भी योजना यह थी। पराग ने यह भी कहा कि भुवनेश्वर कुमार, पैट कमिंस और नटराजन ने आखिरी पांच ओवरों में अच्छी गेंदबाजी करके आरआर को जीत से वंचित कर दिया। पराग ने कहा, मैं काफी आश्वस्त था लेकिन आपको उन्हें इसका श्रेय देना होगा कि उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की। यह उनका घरेलू मैदान है, उन्होंने ऐसी गेंदबाजी की जैसे उन्हें पता हो कि विकेट कैसे रिएक्ट करेगी।

### पांड्या के चयन हो अगरकर ने सही बताया, उसका कोई विकल्प नहीं

**मुंबई ।** बीसीसीआई चयनसमिति के प्रमुख अजित अगरकर ने आगामी टी20 विश्व कप क्रिकेट के लिए



ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या के चयन को लेकर कहा कि हमारे पास उनका कोई विकल्प नहीं था। अगरकर के अनुसार कोई अन्य खिलाड़ी वो भूमिका नहीं निभा सकता जो पंड्या निभाते हैं। अगरकर के अनुसार हार्दिक के होने से टीम में संतुलन आता हैं, साथ ही वह जिस प्रकार खेलता है वैसे कोई नहीं खेल सकता। साथ ही कहा कि टीम चयन में आईपीएल प्रदर्शन की भूमिका नहीं रही है। उन्होंने ये बात इसलिए कही कि पंड्या आईपीएल में गेंदबाजी और बल्लेबाजी में विफल रहे हैं। इसी कारण कई लोगों ने हार्दिक को टी20 विश्व कप टीम का उपकप्तान बनाए जाने पर सवाल उठाये थे। इसके अलावा पंड्या की फिटनेस भी अच्छी नहीं रही है। अगरकर ने कहा कि उपकप्तानी को लेकर कोई बात नहीं हुई। उसने अभी तक मुंबई इंडियंस के लिए सारे मैच खेले हैं। वहीं टी20 विश्वकप में अभी समय है। वह फिट है तो वह जो कर सकता है, उसका कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि वह चोट के बाद लंबे समय में वापसी कर रहा है। हमें उम्मीद है कि वह अपनी फिटनेस पर काम कर रहा है। गेंदबाजी करने पर वह रोहित को काफी विकल्प और संतुलन दे सकता है।

### आगरकरः रिंकू सिंह को मुख्य टीम से बाहर रखना सबसे मुश्किल फैसला

**मुंबई ।** टी-20 विश्व कप के लिए जब भारतीय टीम घोषित हुई तो 15 सदस्यीय टीम में रिंकू सिंह का नाम नहीं था। रिंकू को टूर्नामेंट के लिए रिजर्व का हिस्सा बनाया गया है, लेकिन फ़ैंस से लेकर विशेषज्ञों तक हर कोई रिंकू को मुख्य टीम में शामिल नहीं किए जाने से दुःखी है। अधिकतर लोगों का मानना है कि रिंकू ने जो करके दिखाया है, उसके आधार पर उन्हें जरूर टीम में चुना जाना चाहिए थे। अब टीम के मुख्य चयनकर्ता अजीत आगरकर ने भी इस बारे में अपना पक्ष रखा है। मुंबई में पत्रकारों से बात करते हुए आगरकर ने कहा, रिंकू ने कुछ भी गलत नहीं किया है और ना ही शुभमन गिल ने ही। हमें नहीं पता है कि हमें वहां कैसी परिस्थितियां मिलने वाली हैं और हम पर्याप्त विकल्प रखना चाहते थे। हमारे पास दो कलाई के स्पिनर हैं जिससे रोहित के पास अधिक विकल्प होंगे और मुझे नहीं लगता कि इसका रिंकू से कुछ लेना-देना है। यह उनकी गलती नहीं है कि उन्हें मौक़ा नहीं मिला है। हमें जिस 15 की जरूरत थी उसमें दो शानदार विकेटकीपर हैं और वे दमदार बल्लेबाज़ी करते हैं। हमें एक अतिरिक्त गेंदबाज़ी विकल्प की जरूरत थी और रिंकू अभी भी रिजर्व का हिस्सा तो हैं ही। क्या विराट कोहली की स्ट्राइक-रेट है चिंता का विषय विराट कोहली की स्ट्राइक-रेट को लेकर तमाम तरीके की बातें चल रही हैं, लेकिन विश्व कप का टीम चयन होते समय किसी के मन में यह नहीं चल रहा था।

# शरणार्थी ओलम्पिक टीम पेरिस से भेजेगी अमन का संदेश ; शरणार्थी संकट को लेकर करेगी जागरूक



**नई दिल्ली ।**
अफगानिस्तान की पहली महिला ब्रेकडांसर, कैमरून में पैदा हुए एक ब्रिटिश बॉक्सिंग चैम्पियन और वेनेजुएला के एक अचूक निशानेबाज शरणार्थी ओलम्पिक टीम के उन खिलाड़ियों में शामिल हैं, जो जुलाई में होने वाले पेरिस खेलों में शिरकत करने वाले हैं। शरणार्थी ओलम्पिक टीम में कुल 36 खिलाड़ी होंगे, जिनके नामों की घोषणा, अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बैश ने स्विट्जरलैंड के लौसाने में एक समारोह के दौरान की। ये 36 खिलाड़ी 11 देशों से होंगे और 12 खेलों में शिरकत करेंगे। समिति के अध्यक्ष थॉमस बैश ने कहा कि आप इन खेलों में शिरकत करके लचीलेपन और उत्कृष्टता में इंसान की संभावनाओं और क्षमताओं का प्रदर्शन करेंगे। इससे दुनिया भर में विस्थापित लगभग 10 करोड़ लोगों को आशा एक संदेश जाएगा। इसके साथ ही आप दुनिया भर में अरबों लोगों को शरणार्थी संकट की विशालता के स्तर के बारे में जागरूक बनाएंगे।

इस शरणार्थी टीम की संरचना को ओलम्पिक समिति के कार्यकारी बोर्ड ने मंजूरी दी है, जिसके लिए एक चयन प्रक्रिया का सहारा लिया गया। इसमें सबसे अधिक तो हर एक खिलाड़ी की खेलकूद क्षमता, कौशल और उत्कृष्टता के साथ-साथ, संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी यूएनएचसीआर द्वारा प्रमाणित शरणार्थी का दर्जा शामिल थे।

इन 36 खिलाडियों का चयन उन शरणार्थी खिलाड़ियों में से किया गया था, जिन्हें ओलम्पिक समिति ने एक स्कॉलरशिप कार्यक्रम के जरिए समर्थन दिया था। यूएन शरणार्थी उच्चायुक्त फिलिपो ग्रैंडी ने कहा है कि शरणार्थी ओलिम्पिक टीम को अपने प्रदर्शन के जरिए उन सभी लोगों के लचीलेपन, साहस और उम्मीदों के बारे में याद दिलाना चाहिए, जिन लोगों को युद्ध या उत्पीड़न के कारण अपने घर छोड़न के लिए विवश होना पड़ा है। उन्होंने कहा कि ये टीम हमें ये भी याद दिलाती है कि खेलकूद, उन लोगों के लिए परिवर्तनकारी साबित हो सकते हैं, जिनकी जिंदगियां अक्सर पीड़ाजनक परिस्थितियों में बाधित हुई हैं।

ये परिवर्तन न केवल ओलम्पिक खिलाड़ियों के लिए, बल्कि सभी के लिए हैं। पेरिस ओलम्पिक खेल ऐसा तीसरा मौका होगा, जिसमें शरणार्थी टीम शिरकत करेगी। शरणार्थी टीम ने पहली बार वर्ष 2016 में रियो डी जैनेरियो के ओलम्पिक खेलों में भाग लिया था और वर्ष 2024 के पेरिस ओलम्पिक खेलों में ये सबसे बड़ी शरणार्थी टीम होगी। ऐसा पहली बार होगा कि ये शरणार्थी टीम ओलम्पिक झंडे के बजाय खुद के प्रतीक चिह्न और झंडे के साथ शिरकत करेगी, जिसमें आपस में जुड़े पांच छल्ले नजर आते हैं, जिनके रंग हैं- नीला, काला, लाल, पीला और हरा। शरणार्थी टीम के कप्तान मासूमाह अली जादा का कहना है कि खुद का प्रतीक चिह्न होने से हमारी कुछ पहचान बनती है और हमें दुनिया भर के उन लगभग 10 करोड़ लोगों का प्रतिनिधित्व करने की शक्ति प्रदान करती है, जिन्हें भी हमारी तरह के अनुभव से गुजरना पड़ा है।

# ना थॉमस कप और ना ही उबेर कप में भारत को मिला कोई पदक महिलाओं के बाद पुरुष टीम भी हारी



**चेंगदू (चीन)।**
**भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम थॉमस कप बैडमिंटन टीम अपने खिताब का बचाव नहीं कर पाई और क्वार्टर फाइनल में चीन से 1-3 से हार के साथ बाहर हो गई। महिला टीम का अभियान उबेर कप में जापान के हाथों 0-3 से हार के साथ समाप्त हो गया। दो साल पहले थॉमस कप जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय टीम के एच एस प्रणय को दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी शी यू की के खिलाफ 66 मिनट के मुकाबले में 21-15, 11-21, 14-21 से हार मिली। सात्विक-चिराग की जोड़ी को दुनिया की नंबर जोड़ी लियांग वेई केंग और वांग चांग के हाथों 15-21, 21-11, 12-21 से हार मिली।**

युगल में जीत से चीन को 2-0 से बढ़त मिल गई। उसके बाद निगाह लक्ष्य पर थी, जिन्होंने निराश नहीं किया। अल्मोढ़ा के 22 साल के सेन ने दुनिया के छठे नंबर के ली शी फेंग को 13-21, 21-8, 21-14 से हराकर स्कोर 1-2 कर दिया लेकिन युगल में ध्रुव और साई की दुनिया की 11वें नंबर की रेन जियांग यू और ही जी टिंग से 10-21, 10-21 की हार के साथ भारत की उम्मीदें खत्म हो गईं। उबेर कप में जापान ने 3-0 से हराया इससे पहले उबेर कप में अश्मिता चालिहा और ईशारानी बरुआ के संघर्षपूर्ण खेल के बावजूद भारत की युवा महिला टीम को जापान के हाथों 0-3 से हार मिली। इस टूर्नामेंट में भारत की स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू ने हिस्सा नहीं लिया था। बावजूद इसके भारत ने ग्रुप मैचों में कनाडा और सिंगापुर को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था। जापान के खिलाफ अश्मिता को अया ओहरी के खिलाफ 10-21, 22-20, 15-21 से हार मिली। बीस साल की ईशारानी दुनिया की पूर्व नंबर एक नोजोमी ओकुहारा से 15-21, 12-21 से हार गईं। युगल में प्रिया और श्रुति मिश्रा को दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी नामी मातसुयामा और चिहारू शिदा ने 21-8, 21-9 से हराया।

# भारतीय महिला हॉकी टीम में बड़ा बदलाव, सविता पूनिया की जगह सलीमा टेटे बनीं कप्तान



**नई दिल्ली ।**
भारतीय महिला हॉकी टीम में बड़ा बदलाव हुआ है। मिडफील्डर सलीमा टेटे को अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया की जगह इस महीने के आखिर में होने वाले एफआईएच प्रो लीग के बेल्जियम और इंग्लैंड चरण के लिए भारत की 24 सदस्यीय महिला हॉकी टीम का कप्तान चुना गया है। वहीं, नवनीत कौर को उपकप्तान बनाया गया है।

सलीमा ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा- मुझे खुशी है कि टीम की कप्तानी दी गई है। यह बड़ी जिम्मेदारी है और मैं इसे लेकर उत्साहित हूं। हमारे पास मजबूत टीम है जिसमें अनुभवी और युवा खिलाड़ी हैं।

उन्होंने कहा, एफआईएच प्रो लीग के आगामी बेल्जियम और इंग्लैंड चरण में हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। हमें अपनी कमजोरियों से पार पाना है। सविता ओलंपिक क्वालिफायर और उसके बाद प्रो लीग मैचों में भारत की कप्तान रही थीं।

बेल्जियम में मैच 22 से 26 मई तक और इंग्लैंड में एक से नौ जून तक होंगे। भारत का सामना पहले चरण में दो बार अर्जेंटीना और बेल्जियम से होगा। लंदन चरण में टीम ब्रिटेन और जर्मनी से खेलेगी। भारत इस समय प्रो लीग तालिका में छठे स्थान पर है। सलीमा को हाल ही में हॉकी इंडिया सालाना पुरस्कारों में बलबीर सिंह सीनियर वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार मिला था।

### भारतीय महिला टीम :

**गोलकीपर :** सविता पूनिया, बिछू देवी खारीबाम।

**डिफेंडर :** निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, ज्योति छत्री, महिमा चौधरी।

**मिडफील्डर :** सलीमा टेटे (कप्तान ), वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नवनीत कौर, नेहा, ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान, लालरेम्सियामी।

**फॉरवर्ड :** मुमताज खान, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, सुनेलिता टोप्पो, दीपिका सोरेंग।

# सदमे में डूबा क्रिकेट जगत! इंग्लैंड के 20 साल के स्पिनर का हुआ निधन; लाल गेंद के मैच में चटकाए थे 3 विकेट

**नई दिल्ली।**
वोरसेस्टरशायर स्पिनर जोश बेकर का 20 साल की उम्र में निधन हो गया। इंग्लैंड काउंटी चैंपियनशिप टीम ने इसकी जानकारी दी। बाएं हाथ के स्पिनर ने एक दिन पहले ब्रूम्सग्रूव में समरसेट के खिलाफ वोरसेस्टरशायर की दूसरी एकादश के लिए 3 विकेट चटकाए थे। जोश बेकर की मृत्यु की खबर से क्रिकेट जगत सदमे में डूब गया है।

इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड, काउंटी क्लब और पूर्व क्रिकेटरों ने सोशल मीडिया पर जोश बेकर की मृत्यु के लिए शोक प्रकट किया है। काउंटी क्लब ने अपने बयान में कहा, वोरसेस्टरशायर काउंटी क्रिकेट क्लब जोश बेकर के असामयिक निधन की घोषणा करते हुए दुखी है, जिनकी उम्र केवल 20 वर्ष थी। बता दें कि जोश बेकर जब 17 साल के थे, तब वोरसेस्टरशायर से जुड़े थे। बाएं हाथ के स्पिनर ने अपने प्रदर्शन से काफी प्रभावित किया था। उन्होंने 22 फर्स्ट क्लास मैचों में 43 और 25 सीमित ओवर मैच में 27 विकेट चटकाए थे। जोश बेकर ने अप्रैल में अपना आखिरी फर्स्ट क्लास मैच डरहम के खिलाफ खेला था।

क्लब ने कहा, जोश बेकर 2021 में क्लब के साथ पेशेवर हुए थे और जल्दी की लोकप्रियता हासिल की थी। स्पिन गेंदबाज के रूप में शैली से



ज्यादा उनकी भावना और उत्साह उन्हें हर किसी के करीब ले आया था। उनकी गर्मजोशी, दयालुता और व्यावसायिकता उल्लेखनीय थी, जिसने उन्हें अपने परिवार का सच्चा श्रेय और हमारी टीम का एक प्रिय सदस्य बना दिया।

### एश्ले जाइल्स ने शोक प्रकट किया

इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर और वोरसेस्टरशायर के सीईओ एश्ले जाइल्स ने कहा, जोश बेकर की मृत्यु की खबर ने हम सभी को तगड़ा झटका दिया है। जोश टीम साथी से कई बढ़कर थे। वो हमारे क्रिकेट परिवार का अतुल्नीय हिस्सा रहेंगे। हम सभी को उनकी बहुत कमी खलेगी। हमारा पूरा प्यार और प्रार्थनाएं जोश के परिवार और दोस्तों को जाती हैं।

### बेकर के करियर का बड़ा पल

मई 2022 में जोश बेकर के करियर का बड़े पलों में से एक आया जब उनका सामना इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स से हुआ। स्टोक्स ने 88 गेंदों में 161 रन बनाए थे। बेकर के एक ओवर में स्टोक्स ने पांच छक्के और एक चौका जमाया था। चुनौतीपूर्ण अनुभव के बावजूद स्टोक्स ने बेकर की क्षमता को पहचाना और उनकी प्रतिभा की तारीफ करते हुए व्हाट्सऐप पर एक मैसेज भेजा। स्टोक्स ने लिखा, आपमें गंभीर प्रतिभा है और मेरे ख्याल से आप बहुत आगे जाएंगे। सबसे महत्वपूर्ण विचार आपके साथियों से मिलता है और मेरे ख्याल से आपको सभी का समर्थन हासिल है।

## आईसीसी मेंस टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया पहले नंबर पर पहुंचा

# भारत फिसलकर दूसरे स्थान पर आया, वनडे और टी-20 में इंडिया टॉप पर

**नई दिल्ली।**
ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम भारत को पीछे कर वर्ल्ड टेस्ट रैंकिंग में नंबर-1 पर आ गया है। ऑस्ट्रेलिया अब 124 रेटिंग पॉइंट्स के साथ टेस्ट रैंकिंग में टॉप पर हैं। वहीं, भारत 4 पॉइंट्स पिछे 120 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर है। इंग्लैंड तीसरे और साउथ अफ्रीका 103 अंकों के साथ 100 अंकों से ऊपर चौथी टीम है।

भारत मुख्य रूप से इसलिए फिसला क्योंकि 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया में उसकी 2-1 सीरीज जीत रैंकिंग में शामिल मैचों से बाहर हो गई है। वार्षिक अपडेट के बाद भारत वनडे और टी20 इंटरनेशनल रैंकिंग में टॉप पर बना हुआ है।



### टेस्ट रैंकिंग के तीसरे से 9वें स्थान में कोई बदलाव नहीं

तीसरे से नौवें स्थान पर रहने वाली टीमों की रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है। आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में 9 ही टीमों को टॉप में माना गया हैं, क्योंकि, अफगानिस्तान और आयरलैंड अभी तक पर्याप्त टेस्ट नहीं खेल पाने के कारण 11वें और 12वें नंबर पर हैं। जबकि जिम्बाब्वे भी टॉप-9 से बाहर है क्योंकि उन्होंने पिछले तीन सालों में केवल तीन टेस्ट खेले हैं।

रैंकिंग टेबल में आने के लिए टीमों को तीन साल के अंदर कम से कम आठ टेस्ट खेलने होंगे। मई 2023 से पहले पूरे किए गए मैचों का 50 फीसदी और बाद में हुए सभी मैचों को रैंकिंग के लिए माना जाता है।

### भारत ने वनडे रैंकिंग में बनाई 6 पॉइंट की लीड

भारत भले ही आईसीसी मेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गया हो, लेकिन उसने उन पर अपनी बढ़त तीन से 6 पॉइंट तक बढ़ा ली है और 122 अंकों के साथ टेबल में टॉप पर है। टॉप 10 में कोई बदलाव नहीं हुआ है लेकिन आयरलैंड ने जिम्बाब्वे को पछाड़कर 11वें स्थान पर कब्जा जमा लिया है। तीसरे स्थान पर मौजूद साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 8 पॉइंट दूर था, अब यह फासला कम होकर 4 पॉइंट का रह गया है। जबकि श्रीलंका पांचवें स्थान पर मौजूद इंग्लैंड से सिर्फ दो अंक पीछे है।

### टी-20 रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया दूसरे नंबर पर

टी-20 रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया दूसरे नंबर पर आ गया। भारत 264 रेटिंग पॉइंट के साथ टॉप पर हैं। वहीं, साउथ अफ्रीका को भी 2 स्थान का इजाफा हुआ और उसने इंग्लैंड के नीचे चौथे नंबर पर जगह बनाई।

हर्बल जानकारी

# सब्जियों के डंठल भी फायदेमंद...



हरी सब्जियों का सेवन करना शरीर के लिए कितना फायदेमंद हैं यह तो हम सभी जानते हैं। लेकिन क्या आप यह जानते हैं कि हरी सब्जियों के डंठल भी शरीर की कई आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। जी हां, बिल्कुल इनमें विटामिन, एंटीऑक्सीडेंट, फाइबर, मिनरल आदि भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं जो शरीर के लिए काफी फायदेमंद साबित होते हैं। आइए जानें कौन-कौन सी सब्जियों के डंठल सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं।

## चौलाई के डंठल



हरी पत्तेदार सब्जी खाना सेहत के लिए काफी फायदेमंद साबित होता है यह तो हम जानते ही हैं और लोग इसे खाते भी हैं। लेकिन कुछ लोग ऐसे हैं जो चौलाई के डंठल को बेकार समझ कर फैंक देते हैं। इसके डंठल में प्रोटीन, विटामिन ए और मिनरल की प्रचुर मात्रा होती है। इसके अलावा इसके डंठल खाने से पेट और कब्ज जैसी समस्याओं से राहत मिलती हैं।

## गोभी के डंठल



ज्यादातर लोग गोभी बनाते समय इसके डंठल को फैंक देते हैं। इसके डंठल में विटामिन ए की मात्रा भरपूर पाई जाती है। इसके डंठल को आप सूप या सालाद के रूप में भी खा सकते हैं।

## अजवाइन के डंठल



धनिया और पुदीने के पत्तों की तरह अजवाइन की पत्तियों को भी स्वाद बढ़ाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन इसके डंठल को हम बेकार समझकर फेंक देते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसके डंठल में विटामिन के, ए और सी की भरपूर मात्रा के साथ-साथ इसमें एंटीऑक्सीडेंट की भी अच्छी मात्रा होती है। एक शोध के अनुसार अगर दिन में सेलेरी के चार डंठल का सेवन किया जाये तो उच्च रक्तचाप की समस्या कम हो सकती है।

## रूबर्ब के डंठल



रूबर्ब कम कैलोरी वाली सब्जियों में से एक है। इसमें कुछ फीटो-न्यूट्रिएंट जैसे आहार फाइबर, पॉली फिनोलिक एंटीऑक्सीडेंट, मिनरल और विटामिन बहुत अधिक मात्रा में होता है जो शरीर की कई आवश्यकताओं को पूरा करता है।

## अच्छी नींद के लिये योग है जरूरी

आप को रात को अच्छी नींद नहीं आती,तो आप की उम्र तेजी से ज्यादा बढ़ रही है और इसके अतिरिक्त आप को अच्छा नहीं लगता होगा और आपकी भ्रमित सोच होगी। विषाक्त पदार्थों का निष्कासन होता है। इसलिये प्रतिदिन 6-8 घंटों की नींद आवश्यक है। यदि आप की पर्याप्त नींद नहीं होती, तो योग इसमें सहायता करेगा। निरंतर योग के अभ्यास से कई रोगों का निदान हुआ है जिसमें अनिद्रा और असामान्य नींद की आदतें शामिल है।





# स्टेमिना बढ़ाने के लिए अपनाएं ये तरीका

मनचाही फिटनेस के लिए इच्छाशक्ति के साथ स्टेमिना की भी जरूरत होती है, लेकिन ऐसा कोई टॉनिक, गोली या जादुई नुस्खा नहीं है, जिससे रातोंरात स्टेमिना बन जाए। अपनी सेहत का ध्यान रखते हुए हर दिन एक-एक कदम करके आगे बढ़ना होगा। खिलाड़ियों की तरह तेज दौड़ने, तैरने या कई किलोमीटर तक साइकिल चलाने का सपना सभी देखते हैं। मगर जब इन सपनों को हकीकत की धरती पर उतारते हैं तो कुछ ही मिनटों में सांस उखड़ जाती है। जरा सा दौड़ने या साइकिल चलाने के बाद तो घंटों बिस्तर पर से ही नहीं उठ पाते। स्टेमिना की जरूरत केवल खिलाड़ियों को नहीं होती, रोजमर्रा के कामों को ढंग से पूरा करने के लिए भी हमें इसकी जरूरत होती है। स्टेमिना यानी किसी भी शारीरिक कार्य को लंबे समय तक करते रहने की ताकत, शारीरिक ऊर्जा। 'स्टेमिना बढ़ाना एक लंबी प्रक्रिया है। शुरुआत छोटे-छोटे कदमों से ही होती है। अगर आप पहले दिन की शुरुआत 15 मिनट की हल्की-फुल्की एक्सरसाइज और स्ट्रेंचग से करते हैं तो भी सही है। अगर आपने दौड़ना शुरू किया है तो एकदम से तेज दौड़ना शुरू न करें। हर 3-4 दिन में अपनी चुनौती को बढ़ाते रहें, मसलन अगर आज आप 2 किलोमीटर चले हैं, तो इसे ढाई किलोमीटर कर दीजिए। मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए हल्की जिम एक्सरसाइज अच्छा विकल्प है।'

## सेहत की जांच

हम में से सभी को खिलाड़ियों जैसे स्टेमिना



की जरूरत नहीं होती, इसलिए अपनी क्षमता को समझकर ही व्यायाम करने का लक्ष्य बनाएं। अगर लंबे समय से व्यायाम छोड़ चुके हैं तो एक्सरसाइज शुरू करने से पहले शरीर की जांच करा लें। डॉक्टर की सलाह से कुछ चेकअप कराएं और अपनी क्षमताओं को समझ लें। मुंबई की पहली मैराथन के विजेता और जाने-माने कोच के अनुसार, 'अगर आप जॉगिंग करते वक्त आसानी से बात कर रहे हैं तो समझिए कि आप बिल्कुल सही पटरी पर हैं। लेकिन अगर दौड़ते वक्त सांस फूल रही है या फिर बात करने में भी दिक्कत आ रही है तो यह समझिए कि एक्सेलरेटर से पैर हटाने की जरूरत है।'

## रूटीन पर रहें कायम

हमें बीच में ही हताश नहीं होना चाहिए। शुरुआत में चीजें मुश्किल लगती हैं, शरीर को व्यायाम की आदत नहीं होती। इस वजह से बहुत से लोग आधे में ही एक्सरसाइज करना छोड़ देते हैं। यह गलत है। आप धीरे-धीरे आगे बढ़िए, आप जल्द ही बदलाव महसूस करने लगेंगे। अपना एक शेड्यूल बनाएं और उसका पालन करें। पैदल चलें, दौड़े, तैराकी सीखें या कोई भी खेल खेलना शुरू करें। बस आपके दिल की धड़कन बढ़नी चाहिए। हफ्ते में कम से कम 3 दिन तो अपने शेड्यूल पर कायम रहें। तैरना एक अच्छा व्यायाम है। यही नहीं अगर आप पूल में पैदल भी चलते हैं, तो उसके फायदे कहीं ज्यादा हैं।

## चुनौतियों के लिए रहें तैयार

'अच्छे स्टेमिना के लिए पहला कदम नींव मजबूत करना है। शुरुआत हमेशा आसान होनी चाहिए, जब शरीर उसका आदी हो जाए तो नए वर्कआउट के जरिए आप अपने शरीर को चुनौती दे सकते हैं। इंटरवल ट्रेनिग पर ध्यान देना चाहिए। एक दिन तेज दौड़ना, साईक्लीग और तैराकी, फिर अगले दिन आराम या हल्की-फुल्की एक्सरसाइज। धीरे-धीरे आप अपने शरीर के कम सक्रिय रहने वाले हिस्सों को भी सक्रिय कर सकेंगे।

## स्वस्थ रहना भी जरूरी

मानसिक मजबूती भी जरूरी है। एक खिलाड़ी पर हमेशा मानसिक दबाव होता है, इसे संभालना सफल होने के लिए अहम है। इसके लिए अनुशासन के साथ ध्यान व योग पर जोर देती हैं। वह बताती हैं, '10-12 घंटे लगातार तैराकी करने के लिए आपको दिमागी तौर पर काफी मजबूत होना पड़ता है। एक्सरसाइज के साथ-साथ योग और ध्यान मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करते हैं। साथ ही सांसों की गति भी नियमित होती है।'

## कौन सी एक्सरसाइज कितनी फायदेमंद

- **स्ट्रेचिग** - वर्कआउट से पहले और बाद में 10 मिनट का वार्मअप और स्ट्रेच करना जरूरी है। इससे मांसपेशियों में अचानक आने वाले खिंचाव से बचा जा सकता है।
- **दौड़ना**- स्टेमिना बढ़ाने के लिए सबसे आसान और प्रभावी विकल्प जॉगिंग है। मोटापा घटाने में भी यह फायदेमंद है।
- **रस्सी कूदना**- यह एक संपूर्ण व्यायाम है। स्टेमिना बढ़ने के साथ-साथ दिल की भी पपिंग हो जाती है। एक घंटे रस्सी कूदने से 700 कैलोरी तक की खपत हो जाती है।



- **तैराकी** - फिट रहने के साथ-साथ स्टेमिना बढ़ाने के लिए तैराकी एक बढ़िया विकल्प है। तैराकी से कंधे भी मजबूत होते हैं।
- **ट्रैकिग और पहाड़ चढ़ना**- अगर आप एडवेंचर के शौकीन हैं तो पहाड़ की चढ़ाई करना भी अच्छा व्यायाम है, लेकिन अगर ज्यादा सांस चढ़ रही है तो गति धीमी रखनी चाहिए।
- **योग**- मानसिक व शारीरिक दोनों तरह से स्टेमिना बढ़ाने में कारगर है। योग से सांस लेने की प्रक्रिया बेहतर होती है, जिससे शरीर और दिमाग स्वस्थ रहता है। सूर्य नमस्कार बेहतरीन व्यायाम है। सुबह छह राउंड बायीं तरफ से और छह राउंड दायीं तरफ से काफी हैं।
- **साईक्लिंग** - साइकिल चलाने से दिल की चाल भी अच्छी होती है।
- **सीढ़ियां चढ़ना**--स्टेमिना बढ़ाने के लिए सीढ़ियां चढ़ना भी कारगर है।

फीटनेस सुझाव

# उम्रदराज लोगों के लिए कसरत...



कसरत वैसे तो हर उम्र के व्यक्यिों को स्वस्थ बनाने में सहायक है। बढ़ती उम्र में यदि नियमित रूप से कसरत की जाए तो शरीर स्वस्थ व चुस्त रहता है। अगर रोजाना 20 मिनट कसरत की जाए तो हृदय और मांसपेशिया स्वस्थ बनी रहती है। अक्सर 40 की उम्र पार करते ही घुटनों और कमर दर्द की शिकायत होने लगती है जिससे कि कसरत करने में लोगों को परेशानी आती है। इसलिए आज हम कुछ ऐसी कसरत के बारे में बताएंगे जिन्हें 40 से अधिक उम्र के व्यक्ति भी आराम से कर सकते हैं।

## कुर्सी द्वारा कसरत



कुर्सी द्वारा घर में आराम से कसरत की जा सकती है। कुर्सी को दीवार के साथ इस तरह रखें कि कुर्सी की पीठ आपकी तरफ हो। हाथों को कंधे की सीध में रखते हुए कुर्सी के ऊपरी भाग को पकड़े और कमर सीधी रखें। टांगों को पीछे की ओर बढ़ाए और कूल्हों को अंदर की ओर खीचें। कोहनी को मोड़े और छाती के नीचे लाएं जब तक कि छाती का दवाब कुर्सी की और न हो। ऐसा धीरे-धीरे करें और 15 बार दोहराएं।

## तौलिए से करें कसरत



तौलिए से भी बड़े आराम से कसरत की जा सकती हैं। दोनों हाथों से तौलिए को पकड़े और बांहो को छाती की सीध में रखें। तौलिए को एक हाथ से बाई ओर खींचे और दूसरी ओर से इसे मरोड़े। बांहो को सिर के पीछे ले जाएं और ऐसा 10 बार दोहराएं।

## धीरे-धीरे दौड़ें

धीरे-धीरे दौड़ कर भी आप आसानी से यह कसरत कर सकते हैं। इससे शरीर में बहुत से भागों को लाभ मिलता हैं और रक्त संचार भी सुचारू रूप से होता है।



# दूल्हे, शादी में ऐसे दिखे आकर्षक



शादियों के सीजन में लडको में भी लड़कियों की तरह एक दूसरे से बेहतर दिखने की होड़ रहती है। अपनी शादी पर बाकियों की तरह बोरिंग शेरवानी या कोट-पैंट पहनकर हर कोई बोर हो जाता है। सबको लगता है की दूल्हों के लिए कोई न्यू फैशन मार्केट में नहीं है और लोग अपनी शादी की ड्रेस को लेकर एक्साइटेड नहीं होते। लेकिन कई ऐसी ड्रेस है जिन्हें आजमाकर आप अपनी शादी में अपनी वाइफ को कॉम्पिटीशन दे सकते हैं।

## जोधपुरी पैंट्स

18 सेंचुरी का फेमस स्टाइल राजा-महाराजाओं के बीच बहुत पॉपुलर था। उस टाइम महाराजा प्रताप सिंह जैसे राजा इस पैंट को पोलो खेलने के दौरान पहना करते थे। लेकिन अब यह पैंट शाही लुक पसंद करने वालों में बहुत पॉपुलर है। जैसे इंडियन डिज़ाइनर्स और इंटनेशनल ब्रांड्स ने अपने कलेक्शन में इस पैंट को शामिल किया है। शादी के लिए फिटेड बंदगला और जूती या कोल्हपुरी के साथ यह पैंट क्लासिक लुक देती हैं।

## लहंगा या अनारकली

अगर आपको लगता है कि लहंगा या अनारकली सिर्फ दुल्हनों के लिए है, तो ये सच नहीं। इंडियन डिज़ाइनर जेजे वाल्या और रोहित बल ने आपके लिए भी मैन्स लंहगा और अनारकली डिज़ाइन किए हैं। उन्होंने एम्बे वैली फैशन वीक के दौरान अपने इस कलेक्शन को दिखाया था। इन लहंगे और अनारकली को शेरवानी या बंदगाला के साथ पेश कर इन्हें वेडिंग लुक दिया था।

## नेहरू जैकेट्स

फॉर्मल हो या कैजुअल, नेहरू जैकेट मैन्स वियर के लिए हॉटेस्ट स्टाइल है। यह जैकेट मैन्स के सभी स्टाइल पर फिट हो जाती है। इसे कुर्ते, शर्ट, बिना कॉलर वाली टी-शर्ट सभी के साथ पहना जा सकता है। अलग कलर की पॉकेट वाले नेहरू जैकेट्स और भी स्टाइलिश दिखते हैं। इसे कैजुअल और फॉर्मल दोनों तरीकों से पहना जा सकता है। ये जैकेट्स डिज़ाइनर राघवेंद्र राठौड़ के कलेक्शन और फैब इंडिया में मिल जाए ।

# पुरानी गाड़ी लेने से पहले कर लें जांच...

अगर आप पुरानी गाड़ी लेने का प्लान बना रहे हैं तो कुछ बातों का विशेष ध्यान रखें। किसी भी पुरानी गाड़ी को लेने से पहले चेक करना जरूरी है। यदि आप अच्छे तरीके से गाड़ी की जांच कर लेंगे तो आप कम पैसे में अच्छी कार खरीद सकते हैं। आइए हम आपको बताते हैं कि क्या क्या जांच करनी जरूरी हैं।

## कार को दिन में देखें

कार को दिन में देखें क्योंकि रात में लाइट की रोशनी में देखने से आपको कार के कलर के बारे में अच्छी तरह से पता नहीं चल पाएगा। गाड़ी के रिम, सीट और चारों दरवाजों के साथ सस्पेंशन की अच्छे से जांच कर लें यह देख लें कि कहीं अलग से वेल्डिंग तो नहीं हो रही है।

## गियर की जांच

गाड़ी चलाएं तब देख लें गियर आराम से लग रहा है कहीं अटक तो नहीं रहा है। क्लच और ब्रेक लगाने में ज्यादा ताकत तो नहीं लगानी पड़ रही है। गाड़ी का बैक गियर लगाने में कोई दिक्कत तो नहीं हो रही है। स्टियरिंग में कोई दिक्कत तो नहीं है।

**इंजन की जांच:** गाड़ी का बॉनट खोलकर यह जरूर देख लें कि गाड़ी के इंजन में कोई दिक्कत तो नहीं है कहीं कोई ऑयल तो लीक नहीं हो रहा है। यह किसी जानकार व्यक्ति से कराए तो बेहतर होगा। जब कार से संतुष्ट हों तभी इसकी कीमत के बारे में बात करें। यदि इसकी कीमत सही लगे तो कार मालिक से इसकी छोटी बड़ी कमियों के बारे में बात करें। इसके बाद गाड़ी की सर्विस बुक और मेंटेनेंस की जानकारी लें।

**आरसी में यह देखें :** गाड़ी की आरसी को पढ़ते समय गाड़ी का मॉडल, गाड़ी बनने का साल और रजिस्ट्रेशन का साल, मालिक का नाम और गाड़ी के नंबर का ध्यान रखें। चेसिस नंबर, इंजन नंबर और ओनर सीरियल नंबर का पेपर और गाड़ी पर पड़े नंबरों से मिलान कर लें।

**इंश्योरेंस और फाइनेंस :** गाड़ी के इंश्योरेंस और फाइनेंस की भी जानकारी ले लें। कहीं फाइनेंस की कोई किस्त बाकी तो नहीं है। किसी भी पेपर की फोटोकॉपी न देखें सारे पेपर ओरिजनल ही देखें। जब गाड़ी की डील हो जाए तो कार को अपने नाम ट्रांसफर जरूर करा लें।



## टेस्ट ड्राइव

कोशिश करें की टेस्ट ड्राइव खराब रास्ते पर करें। जब टेस्ट ड्राइव लें तो गाड़ी के शीशे बंद न करें ताकि गाड़ी की बॉडी या इंजन से आने वाली किसी भी तरह की आवाज का पता चल सके। 2-3 किलोमीटर की टेस्ट ड्राइव गाड़ी के शीशे बंद करके ताकि कार के एसी की कूलिंग और म्यूजिक सिस्टम का भी पता चल सके कि कैसा काम कर रहा है।

रेसिपी

## बादामी फिरनी



### सामग्री

चावल-आधा कप
दूध-1 लीटर
बादाम-20-25
पिस्ता-10-12 बारीक कटे हुए
काजु-10-12 बारीक कटे हुए
चीनी-आधा कप
पीसी छोटी इलायची-3-4

### विधि

चावल को साफ करके अच्छी तरह से धोकर उसको 1 घंटे के लिए पानी में भिगो दीजिए।भीगने के बाद अतिरिक्त पानी निकाल कर हल्का मोटा दरदरा पीस कीजिए। बादाम को भी 2-3 घंटे पानी में भिगो कर रख दे।बाद में उनका छिलका उतार कर रख दे। बाद मे उनको भी पीस ले।अलग रख दे। अब किसी भारी तली के बर्तन में दूध को गरम कर के रख दे जब दुध में उबाल आ जाये तो उसमें पिसे चावल डालिये।और लगातार कलछुल सें चलाते हुए।फिर से उबाल आने तक पकाइये। आंच को धीमी करके फिरने के गाड़े होने तक पकाइये।बीच में इसे चमचे से चलाते रहिये। चीनी काजु के टुकड़े बादाम का पेस्ट फिरनी में डाल दीजिए। चीनी के घुलने तक फिरनी को पकाइये फिर इलाइची पाऊडर भी मिला दिजिए। आपकी फिरनी तैयार है अब गैस बन्दकर दीजिए। अब किसी सर्विस बाउल में फिरनी को निकालिये और ऊपर सें कटे हुए पिस्ते और बादाम डाल कर सजाइये और ठंडा होने के लिए फ्रिज मे रख दिजिए। ठंडा होने के बाद स्वादिष्ट फिरनी को खाए और खिलाए।

## केसारिया चावल



### सामग्री

खोया-1 कप, उबले चावल-2 कप, दूध-2 बड़े चम्मच, कुछ धागे केसर के, 3-4 इलाइची, 3-4 लौंग, 8-10 काजु के टुकड़े, 8-10 बादाम के टुकड़े, 8-10 पिस्ता बारीक कटा हुआ, 1 बड़ा चम्मच किसमिश, 2 बड़े चम्मच घी, आधा कप चीनी

### विधि

गरम दुध में केसर डालकर रख दे।जिसमें केसर दुध में घुल जाये। एक कढ़ाई में घी डाल के गरम करे,काजु,बादाम,किसमिश और पिस्ता को थोड़ा भून के अलग निकाल के रख ले। अब उसी कढ़ाई में लौग और इलाइची डाल के कुछ देर भूने,फिर चीनी और केसर वाला दूध और खोया ड़ाल के मिलाये। पके हुए चावल ड़ाल के अच्छे से मिलाये,ढक्कन बंद करके धीमी आंच पर कुछ मिनट तक पकने दे। भुने हुए मेंवें मिलाकर गैस से उतार ले गरम केसारिया चावल खाए और खिलाए।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**